Hindi frequently uses the conjunctive participle (कर construction) to link *two sequential actions* performed by the *same* subject. In such constructions, it is the first action that is transformed into a conjunctive participle, while the second action becomes the main verb.

Examples:

लड़की घर गई । लड़की सो गई ।	*The girl went home. The girl went to sleep.*
लड़की घर गई और सो गई ।	*The girl went home and went to sleep.*
लड़की घर जाकर सो गई ।	*The girl went home and went to sleep.* (lit., *Having gone home, the girl went to sleep.*)

Note that in the first example given above, the girl performs two sequential actions that are expressed in two separate sentences. These two sentences are joined in the second example with the conjunction और. In the third example, the verb stem + कर joins the two sentences, functioning much like the English conjunction "and"; hence it is called a *conjunctive* participle. Such conjunctive participles are extremely common in Hindi.

Formation

Conjunctive participles are formed by adding कर or के to the verb stem. Although कर and के can be used interchangeably, कर is used more in formal and written language, while के is frequently used in spoken language. If the verb stem is कर itself, then the conjunctive participle can be formed with only के (कर कर is not possible). In colloquial speech the verb stem may also be followed by करके.

Examples:

वह खाना खा कर जाएगा ।	*He will go after eating.*
वह खाना खा के जाएगा ।	*He will go after eating.*
वह खाना खा करके जाएगा ।	*He will go after eating.*

Occasionally, one finds that कर or के are dropped altogether and the verb stem itself becomes the conjunctive participle.

Example:

उसकी हालत देख,माँ रोने लगी। *Seeing his condition, mother began to cry.*

When the कर construction is used, the verb conveying the first action becomes the conjunctive participle, while all changes due to number, gender, and tense agreement occur in the final verb. Thus, it is the final or the main verb of the sentence that determines if the postposition ने is to be used with the subject in the perfective tenses and *not* the verb that has become the conjunctive participle (e.g., verb stem + कर / के).

Examples:

उसने घर आकर पत्र लिखा। *He came home and wrote the letter.*

वह पत्र लिखकर मेरे घर आया। *He wrote the letter and [then] came to my house.*

In the first sentence above, the first action, आना, has become the conjunctive participle, and the second action, लिखना, becomes the main verb of the sentence. Since लिखना is a transitive verb, the subject is marked by ने. Note that the situation is reversed in the second example, where the second action, आना, an intransitive verb, becomes the main verb of the sentence.

Translating Conjunctive Participles

Conjunctive participles are used in Hindi to convey
(1) a sequence of two or more actions
(2) performed by the same subject.

While these two basic elements remain consistent throughout, conjunctive participles can be translated from Hindi into English in a number of ways.

(a) They can be literally translated into English as "having —ed" or "after —ing."

Example:

यह समाचार सुनकर वह हँसने लगी। *Having heard this news, she began to laugh.*

OR

After hearing this news, she began to laugh.

(b) Conjunctive participles can also be translated into English using a variety of other expressions, such as "when...then" or "and."

Examples:

वह भारत जाकर भारतीय शास्त्रीय संगीत सीखेगा।

When he goes to India, [then] he will learn Indian classical music. (lit., *Having gone to India, ...)*

वह बॉस्टन जाकर अपने भाई से मिली।

She went to Boston and met her brother.

(c) Occasionally, these participles can be idiomatically translated into English -- e.g., with time expressions or using an infinitive.

Examples:

वह तीन बजकर बीस मिनट पर आएगा।

He will come at twenty past three (lit., at twenty minutes after striking three).

आपसे मिलकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई।

I am very pleased to meet you. (lit., *Having met you, ...)*

(d) Certain conjunctive participles may also be translated with adverbs/adverbial phrases in English. For example: कृपा करके / मेहरबानी करके *kindly*; छिपकर *secretly (while hiding)*; संभलकर *carefully*; जान-बूझकर *intentionally (knowingly)*; भूलकर *mistakenly*; मुस्कुराकर *while smiling*; सोचकर *thoughtfully*; जी भरकर / के *to one's heart's content.*

Examples:
कृपा करके / मेहरबानी करके अपनी अपनी सीट बेल्ट बाँध लीजिये ।
Kindly fasten your seat belts.

वह छिपकर सिगरेट पीता है ।
He secretly smokes cigarettes.

संभलकर उतरना । ये सीढ़ियाँ बहुत ऊँची हैं ।
Come down carefully. These stairs are very steep.

नेता लोग जान-बूझकर जनता से सच छिपाते हैं ।
Politicians intentionally (knowingly) hide the truth from the public.

वह भूलकर किसी और के कमरे में घुस गई ।
She entered someone else's room by mistake (mistakenly).

उसने मुस्कुराकर कहा---।
While smiling, she said---. (lit., *She smiled and said---.*)

सोचकर बोलो , नौकरी का सवाल है ।
Speak thoughtfully; it's a matter of your job.

आज मैंने जी भर कर खाना खाया ।
Today I ate to my heart's content.

(e) There are some fixed expressions with the conjunctive participle that are commonly used in Hindi:

X से होकर	*via X, through X, by way of X*
X से बढ़कर	*superior to X, more than X, better than X*
X को छोड़कर	*apart from X, besides X, with the exception of X*
एक-एक करके	*one by one*
विशेषकर / ख़ासकर	*especially*

Notes

1. Since a conjunctive participle is used only when the same subject performs two actions, the subject is mentioned only once. The subject can come either at the beginning of the sentence or after the conjunctive participle.

Example:
घर पहुँचकर मैं आपको फ़ोन करूँगी ।
OR
मैं घर पहुँचकर आपको फ़ोन करूँगी ।
I will call you after I reach home.

2. कर / के in a conjunctive participle can either be joined to a verb stem as in "पढ़कर," or it can be written separately as "पढ़ कर."

3. To indicate the frequency or repetition of an action, the verb stem may be repeated before कर or के. Thus: सुन सुनकर *having heard [repeatedly]*; रो रोकर *having cried [continuously]*; सुबक सुबक कर *having sobbed [continuously]*; रुक रुक कर *having halted [repeatedly]*; (आँखें) मल मलकर *having rubbed [one's eyes] [repeatedly].*

Example:
उसकी शिकायतें सुन सुनकर मैं थक गई ।
I got tired of [repeatedly] hearing his complaints.

4. The negative used with a conjunctive participle is always न.

Example:
वह लाइब्रेरी न जाकर अपने दोस्तों के साथ पार्टी में चली गई ।
She went to the party with her friends instead of going to the library.

5. Compound verbs are not used in conjunctive participles.

Example:
अपना निबंध लिखकर (not लिख लेकर) वह सो गया ।
He went to sleep after writing his essay.

6. In a sentence that already has a conjunction (e.g., और) or connectors such as जब...तब, the conjunctive participle cannot be used. (Thus, वह घर आकर और सो गया and जब वह घर आकर तब वह सो गया are not possible in Hindi.)

The Conjunctive Participle: Exercises

1. Substitution drill

He came home and drank tea.
उसने घर आकर चाय पी ।

दोस्त को फ़ोन किया
शाम का खाना पकाया
पार्टी का इंतज़ाम किया
अपनी पत्नी की मदद की
अपने कपड़े इस्तरी किये
अपने पौधों को पानी दिया
नौकरी के लिये अर्ज़ी लिखी
सितार बजाने का अभ्यास किया

2. Substitution drill

I was very sad to see those poor people.
उन ग़रीब लोगों को देखकर मुझे बड़ा दुख हुआ ।
उसकी हालत देखकर
उसकी कहानी सुनकर
वह दुर्घटना देखकर
यह समाचार पढ़कर
उसकी शिकायतें सुनकर
अपने ग्रेड्स देखकर
उसकी समस्याओं के बारे में सुनकर
उसकी बीमारी के बारे में जानकर

3. Transformation drill

When I go to India, I will meet my friend's family.
जब मैं भारत जाऊँगा तब मैं अपने दोस्त के परिवार से मिलूँगा ।

I will go to India and meet my friend's family.
मैं भारत जाकर अपने दोस्त के परिवार से मिलूँगा।

जब वह घर आएगा तब अपने बच्चों के साथ खेलेगा।
जब मेरा भाई कॉलिज ख़त्म करेगा तब वह नौकरी ढूँढ़ेगा।
जब वह पार्टी में गई तब उसने बहुत लोगों से बात की।
जब उसने चोर को देखा तो उसने पुलिस को फ़ोन किया।
जब छात्रों ने ये कविताएँ पढ़ीं तो उन्हें बहुत मज़ा आया।
जब मैं तुम से मिलूँगी तब मैं तुम्हें सब कुछ बताऊँगी।
जब मैं यह काम ख़त्म करूँगी तब मैं आपकी मदद करूँगी।
जब माली आएगा तब सब पौधों को पानी देगा।

4. Transformation drill

Wash [your] face and hands. Eat.
हाथ-मुँह धोओ। खाना खाओ।
Wash [your] face and hands and eat.
हाथ-मुँह धोकर खाना खाओ।

बाहर चलिये। खुली हवा में बैठिये।
घर जाओ। माता-पिता की मदद करो।
यहाँ बगीचे में बैठिये। गाने गाइये।
कमरे में जाओ। एक कुरसी यहाँ लाओ।
सामान उठाओ। टैक्सी में रखो।
बाज़ार जाओ। कुछ फल और सब्ज़ियाँ ख़रीदो।
ये मसाले पीसो। सब्ज़ी में मिलाओ।
पार्टी में न जाओ। अपना काम करो।
कृपा कीजिये। मैनेजर साहब को मेरी अर्ज़ी दे दीजिये।

5. Transformation drill

He drank coffee. He began to do his work.
उसने कॉफ़ी पी। वह अपना काम करने लगा।

He drank coffee and began to do his work.
वह कॉफ़ी पीकर अपना काम करने लगा।

उसने पानी उबाला। उसने चाय बनाई।
वह घर आया। उसने अपनी पत्नी की मदद की।
उसने अपने को शीशे में देखा। वह मुस्कुराने लगी।
छात्रों ने किताबें उठाईं। छात्र पढ़ने लगे।
उसने इस ढाबे में खाना खाया। वह बीमार हो गया।
उसने दफ़्तर में काम ख़त्म नहीं किया। वह घर चला गया।
हम दावत में गये। हमने जी भरके खाना खाया।
उसने मच्छरदानी लगाई। वह सो गया।
वह अपनी पत्नी से नाराज़ हुआ। वह घर से चला गया।

6. Substitution drill

He did this [work, thing] intentionally.
उसने जान-बूझकर यह काम किया।
बहुत सोचकर
दोस्तों से छिपकर
मुस्कुराकर
हँसकर
ध्यान देकर
शिक्षक से पूछकर
संभलकर
माता-पिता से आज्ञा लेकर
रुक रुक कर
मजबूर होकर

7. Translation exercise
(Use the conjunctive participle.)

1. Go quickly and call an ambulance.
2. When I finish college, I will go to Europe with my friends.

3. When I drink coffee at night, I can't sleep.
4. He went to India and started his own company.
5. He intentionally (knowingly) lied to us about his age.
6. Kindly do not smoke in my room.
7. He jumped into the river and saved the little girl.
8. There is a lot of fog (कोहरा M, fog). Please drive the car carefully.
9. He secretly (hiddenly) taped their conversation.
10. The bride and groom danced to their heart's content at their wedding.

12. PARTICIPIAL CONSTRUCTIONS, PART 2

As mentioned earlier, a participle represents a verbal form that has the qualities of both a verb and another part of speech (e.g., adjective, adverb, noun, or conjunction). We have already discussed two important participial constructions in Chapter 9. This chapter focuses on three more participial contructions that use the invariable masculine singular oblique form of an imperfective or perfective participle:

(1) Imperfective participle + समय / वक़्त to convey "while —ing" or "at the time of —ing"

(2) Imperfective/perfective participle + a measure of time to indicate the passage of time since the beginning/completion of an activity or situation

(3) Reduplicated imperfective participle + बचना / रुकना / रहना to indicate an action that almost occurred

Imperfective Participle + समय / वक़्त

The imperfective participle in the invariable masculine singular oblique form immediately followed by समय / वक़्त expresses "while —ing" or "at the time of —ing."

Example:
आप घर आएँगे। आप बाज़ार से ये चीज़ें ले आइये।
You will come home. Please bring these things from the market.
आप घर आते समय / वक़्त बाज़ार से ये चीज़ें ले आइये।
While coming home, please bring these things from the market.

Note that if the same subject is performing two actions, this subject is mentioned only once. If the subject of the imperfective participle + समय / वक़्त is different from the subject of the main verb, then this subject is always followed by the postposition के (possessive form).

Example:
माँ भारत जा रही थीं। मैं बहुत उदास थी।
Mother was going to India. I was very sad.
माँ के भारत जाते समय / वक़्त मैं बहुत उदास थी।
At the time of Mother's departure for India, I was very sad.

If the subject of the imperfective participle + समय / वक़्त is different from the subject of the main verb and it is inanimate, the use of the postposition के is optional.

Example:
फ़ायर अलार्म बज रहा है। हमें इस इमारत में नहीं रहना चाहिये।
The fire alarm is ringing. We should not stay in this building.
फ़ायर अलार्म (के) बजते समय / वक़्त हमें इस इमारत में नहीं रहना चाहिये।
While the fire alarm is ringing, we should not stay in this building.

Imperfective/Perfective Participle + a Measure of Time

Imperfective participles in the invariable masculine singular oblique form + हुए can be used to indicate the passage of a certain amount of time since the *beginning* of an activity or situation that is still going on. Thus, "शीला को बर्कली में पढ़ते हुए तीन साल हो गये / चुके हैं" indicates that Sheila has been studying at Berkeley for three years now. Note that होना or चुकना is most often used as the main verb of such constructions.

Examples:
मुझे इस घर में रहते हुए सिर्फ़ दस महीने हुए हैं।
It has been only ten months since I have been living in this house.

उसको सरकारी दफ़्तर में काम करते हुए बरसों हो गये हैं।
It has been years since he began working in a government office.

Similarly, when perfective participles in the invariable masculine singular oblique form + हुए are used with a measure of time, the construction indicates the passage of time since the *completion* of an activity or situation.

Thus, "शीला को बर्कली आये हुए तीन साल हो गये / चुके हैं" indicates that it has been three years since Sheila came to Berkeley.

Examples:
उसको कॉलिज ख़त्म किये हुए कितने साल हो गये हैं?
How many years has it been since he finished college?

हमें यह मकान खरीदे हुए बीस साल हो गये हैं।
It has been twenty years since we bought this house.

Note the basic pattern for both these constructions is:

Noun/pronoun + को + imperfective/perfective participle (MSO) + हुए + measure of time + main verb (generally होना or चुकना).

Reduplicated Imperfective Participle + बचना / रुकना / रहना

Another less frequently encountered participial construction is when an imperfective participle (generally in masculine singular oblique form) is reduplicated and used in a sentence where the main verb is बचना, रुकना, or रहना. This construction implies that something *almost* occurred but was stopped in mid-act. Thus, "प्याला टूटते टूटते बचा" indicates that the cup almost broke (but was saved at the last minute).

Examples:

कार के एक्सीडेंट में वह मरते मरते बचा।
He almost died in a car accident.

पिता जी का हाथ मुझ पर उठते उठते रुक गया।
Father almost slapped me.

उसका दम घुटते घुटते रह गया।
He almost choked.

Participial Constructions, Part 2: Exercises

1. Substitution drill

While studying in the library, we should remain quiet.
लाइब्रेरी में पढ़ते समय हमें चुप रहना चाहिये ।
संगीत सुनते समय
बच्चे के सोते समय
भाषण सुनते समय
फ़िल्म देखते समय
परीक्षा देते समय
दफ़्तर में काम करते समय

2. Transformation drill

When she was cooking [food], [then] she called the servant.
जब वह खाना पका रही थी, तो उसने नौकर को बुलाया ।

She called the servant while cooking.
खाना पकाते समय उसने नौकर को बुलाया ।

जब वह स्कूल जा रहा था, तो उसने हमें यह बात बताई ।
जब वह खाना खाता है, तो वह टी. वी. देखता है ।
जब वह दफ़्तर में काम करता है, तो वह सिर्फ़ कॉफ़ी पीता है ।
जब हम घर आ रहे थे, तो हमने आपको देखा ।
जब मैं पढ़ रही थी, तो मैंने टेलीफ़ोन नहीं सुना ।
जब हम कल स्कूल जाएँगे, तो हम आपके घर रुकेंगे ।
जब वह भारत जा रही थी, तो वह लंदन में रुकी ।
जब मैं हवाई जहाज़ में सफ़र करता हूँ, तो हमेशा सोता हूँ ।

3. Transformation drill

Rohit was going to India. His friend was very sad.
रोहित भारत जा रहा था । उसकी दोस्त बहुत उदास थी ।

His friend was very sad at the time Rohit went to India.
रोहित के भारत जाते समय उसकी दोस्त बहुत उदास थी ।

वह भाषण दे रहा था । आप बीच में क्यों बोले ?
वह लंदन जा रही थी । मैंने उसको एक उपहार दिया ।
बच्चा कमरे में सो रहा है । हमें वहाँ नहीं जाना चाहिये ।
वह दफ़्तर जा रहा था । मैंने उसको छाता दिया ।
वह गाना गा रहा था । लड़की मुस्कुरा रही थी ।
आप बग़ीचे में काम कर रहे थे । उसका फ़ोन आया ।
माँ पूजा कर रही हैं । हमें चुप रहना चाहिये ।
कल बारिश हो रही थी । बादल गरज रहे थे ।

4. Transformation drill

He has been learning Urdu for three years.
वह तीन साल से उर्दू सीख रहा है ।

It has been three years since [he began] to learn Urdu.
उसको उर्दू सीखते हुए तीन साल हो गये हैं ।

वह चार घंटे से सो रहा है ।
हम सात साल से अमरीका में रह रहे हैं ।
वह दो महीने से मेरी मदद कर रही है ।
बच्चा एक घंटे से टी.वी. देख रहा है ।
मैं बहुत देर से बस का इन्तज़ार कर रही हूँ ।
वह चार साल से कथक सीख रही है ।
मेरी सहेली छह महीने से सितार सीख रही है ।
तुम कितने दिनों से इस दुकान में काम कर रही हो ?

5. Transformation drill

My sister-in-law went to India ten days ago.
मेरी भाभी दस दिन पहले भारत गईं ।

It has been ten days since my sister-in-law went to India.
मेरी भाभी को भारत गये हुए दस दिन हो गये हैं।

मेरी बहन दो साल पहले न्यू यॉर्क आई।
हमने एक हफ़्ते पहले यह नाटक देखा।
मेरे मेहमान चार दिन पहले आये।
वह सिर्फ़ दस मिनट पहले यहाँ पहुँची।
तुमने कितने घंटे पहले कॉफ़ी पी ?
उसने दो दिन पहले अपना निबन्ध ख़त्म किया।
मैं अपने परिवार से चार हफ़्ते पहले मिली।
मैंने पाँच घंटे पहले अपनी दवाई खाई।

6. Answer the following questions according to the given pattern

Did the child fall?	No, he almost fell.
क्या वह बच्चा गिरा ?	नहीं, वह गिरते गिरते बच गया।

क्या उसको चोट लगी ? (use रह जाना)
क्या दुर्घटना हुई ? (use रह जाना)
क्या उसने कुछ कहा ? (use रुक जाना)
क्या वह छात्र फ़ेल हुआ ? (use रह जाना)
क्या उसने लड़के को थप्पड़ मारा ? (use रुक जाना)
क्या ग्लास टूट गया ? (use बच जाना)
क्या शहर में गड़बड़ हुई ? (use रह जाना)
क्या बिल्ली मर गई ? (use बच जाना)

7. Translation exercise
(Use participial constructions.)

1. When (while) going out, he wore his coat.
2. He almost died of (from) pneumonia.
3. While driving, we should not read the newspaper.
4. How many years have you been writing poetry?
5. When (while) going to sleep, I forgot to take (eat) my medicine.

6. It has been six months since I saw a Hindi play.
7. Yesterday while going home, we saw your brother.
8. It has been many years since I saw (met) my childhood friend.
9. He has been working on this project for two years.
10. There was almost an accident in front of my house yesterday (use रह जाना).

13. THE ITERATIVE CONSTRUCTION

In addition to the use of the habitual tenses to indicate the regular, frequent, or repeated occurrence of an action, Hindi speakers also use the iterative construction. While these constructions can be used interchangeably, the iterative construction places greater emphasis on the repetitive nature of an action.

The basic pattern for the iterative construction is:

Perfective participle of the main verb
(in invariable masculine singular form) + the inflected form of करना

Example:
वह रोज़ अपने माता-पिता को फ़ोन किया करती है ।
She phones her parents [regularly] every day.

As indicated by the example above, the perfective participle of the main verb is *always* in the masculine singular form, and all changes due to number, gender, and tense are made only to करना. Also, note that the translation of the example above would be the same if the verb were in the habitual tense (वह रोज़ अपने माता-पिता को फ़ोन करती है । *She phones her parents every day*). However, the use of the iterative construction indicates a greater emphasis on the regularity and/or recurrence of an action.

Examples:

यहाँ नवम्बर में बहुत बारिश हुआ करती है ।	*It rains a lot here in November.*
तुम क्यों हमेशा शिकायत किया करते हो ?	*Why do you always complain?*
हम इस दुकान में कॉफ़ी पिया करते थे ।	*We used to drink coffee in this shop.*
भारत में माँ रोज़ मंदिर जाया करेंगी ।	*Mother will go to the temple every day in India.*
वह मेरे लिये फूल लाया करता था ।	*He used to bring flowers for me.*
रोज़ हिन्दी बोलने का अभ्यास किया करो ।	*Practice speaking Hindi every day.*
मुझे देखकर वह हमेशा हँसा करती है ।	*When she sees me, she always laughs.*

Notes

1. When जाना is the main verb in an iterative construction, the special perfective participle जाया is used instead of the expected गया.

Example:
वह हर रोज़ बाज़ार जाया (not गया) करेगी ।
She will go to the market every day.

2. This is the only construction in Hindi by which the regularity of a future action can be expressed, since the habitual tenses can be used only in the present and the past (not in the future).

Example:
परीक्षा तक मैं रोज़ पुस्तकालय में पढ़ा करूँगा ।
I will study regularly in the library every day until the examination.

3. Since the iterative construction is used for indicating the regularity or frequency of an action, it is generally not found in the perfect tenses, which are used to describe a single, completed action. Thus, the postposition ने never occurs with the subject in an iterative construction.

4. This construction may also occur with compound verbs.

Example:

रोज़ अख़बार पढ़ लिया करो ।	*Read the newspaper every day [for your own benefit].*

5. In negative statements the particle नहीं comes directly before the entire verb.

Example:
अच्छे बच्चे गाली नहीं दिया करते । *Good children do not swear.*

The Iterative Construction: Exercises

1. Transformation drill

Every day he goes to the office at 9 o'clock in the morning.
वह रोज़ सवेरे नौ बजे दफ़्तर जाता है।
Every day he goes to the office at 9 o'clock in the morning.
वह रोज़ सवेरे नौ बजे दफ़्तर जाया करता है।

यह माली हमारे बाग़ में काम करता है।
यहाँ जाड़ों में बारिश होती है।
इस देश में लड़कियाँ साड़ी नहीं पहनतीं।
पिता जी रोज़ सैर के लिये जाते हैं।
मैं बस से कैम्पस आता हूँ।
अमरीकन लोग फ़र्श पर नहीं बैठते।
दादा जी हमें भारत के बारे में बताते हैं।
तुम क्यों बच्चों पर नाराज़ होते हो।

2. Transformation drill

You should come to class on time.
तुम्हें समय पर क्लास आना चाहिये।

Come to class on time [regularly].
(तुम) समय पर क्लास आया करो।

तुम्हें सिगरेट नहीं पीनी चाहिये।
तुम्हें अपना काम स्वयं करना चाहिये।
तुम्हें हमेशा सच बोलना चाहिये।
तुम्हें हर हफ़्ते अपने कपड़े धोने चाहियें।
तुम्हें शराब नहीं पीनी चाहिये।
तुम्हें इस क्लास में हिन्दी बोलनी चाहिये।
तुम्हें ध्यान से काम करना चाहिये।
तुम्हें सोच कर बोलना चाहिये।

3. Transformation drill

We will come here daily.
हम रोज़ यहाँ आएँगे।

We will [regularly] come here daily.
हम रोज़ यहाँ आया करेंगे।

मैं रोज़ बाँसुरी बजाऊँगा।
हम रोज़ शाम को पुस्तकालय में पढ़ेंगे।
मैं इस दफ़्तर में काम करूँगा।
हम गर्मी में रोज़ तैरेंगे।
भारत में मैं सिर्फ़ शाकाहारी खाना खाऊँगा।
वह अपने भाई की मदद करेगा।
मैं हर हफ़्ते अपने परिवार से मिलने जाऊँगा।
हम रोज़ कसरत करेंगे।

4. Transformation drill

वे छात्र कैम्पस पर मिलते थे।
Those students used to meet on campus.
वे छात्र कैम्पस पर मिला करते थे।
Those students used to meet [regularly] on campus.

माँ इस मंदिर में पूजा करती थीं।
मेरे दादा जी इस गाँव में रहते थे।
मैं परिवार से मिलने भारत जाता था।
वह अपने बच्चों के बारे में चिंता करता था।
वह हमें अपने देश के बारे में बताता था।
बचपन में हम इस पार्क में खेलते थे।
वे छात्र रात में देर तक पढ़ते थे।
माँ हमारे लिये समोसे बनाती थीं।

5. Transformation drill

You should take this medicine daily.
आप को रोज़ यह दवाई खानी चाहिये।

Please take this medicine daily.
आप रोज़ यह दवाई खाया करें।

आप को रोज़ तीन मील पैदल चलना चाहिये।
आप को रोज़ सितार बजाना चाहिये।
आप को अपना काम अच्छी तरह से करना चाहिये।
आप को देर से दफ़्तर नहीं आना चाहिये।
आप को दूरदर्शन ज़्यादा नहीं देखना चाहिये।
आप को रोज़ अख़बार पढ़ना चाहिये।
आप को अपनी पत्नी की मदद करनी चाहिये।
आप को रोज़ आठ घंटे सोना चाहिये।

6. Translation exercises (Use the iterative construction.)

1. She often used to come to our house to meet my sister.
2. Good children do not tell lies.
3. I always talk with my parents in Hindi.
4. I will [regularly] learn ten Hindi words every day.
5. Your brother will [regularly] study with me next year also.
6. Shall we meet in this coffee shop every day?
7. He often goes to Oakland to see (meet) his mother.
8. His brother will work [regularly] in this shop.
9. Every week we will go to see a Hindi film.
10. Should/shall we help those children every day?
11. He often used to bring flowers for his wife.
12. In childhood I used to sing Hindi film songs.

14. THE PASSIVE VOICE

The passive voice in Hindi and other languages indicates that the subject of a sentence is not actively engaged in an action but is being acted upon by some agent. The primary difference between a sentence in the passive voice and a sentence in the active voice is that the subject of a passive construction is the object in the corresponding active construction. For example, in English, "the food was cooked" is in the passive voice, while "I cooked the food" is in the active voice (note that "food" in the former construction is the grammatical subject, while in the latter construction it is the object of the sentence).

Generally, the passive voice is used in Hindi with actions and events for which we do not know the agent (actor), when we do not wish to reveal the identity of the agent, or when the identity of the agent is too obvious or unimportant to mention. If the agent is to be mentioned, such as in the English sentence "This picture was taken by me," then a Hindi speaker would rather use the active voice (e.g., "I took this picture").

Formation

The passive voice in Hindi is formed with the perfective participle of the main verb followed by the passive auxiliary जाना.

The verb in the passive voice agrees with the person or thing being acted upon (the grammatical subject), which is a direct object in the corresponding active voice.

Examples:

Active	Passive
मैंने अख़बार पढ़ा।	अख़बार पढ़ा गया।
I read the newspaper.	*The newspaper was read.*
मैंने खिड़कियाँ खोलीं।	खिड़कियाँ खोली गईं।
I opened the windows.	*The windows were opened.*
लड़की सेब खाएगी।	सेब खाया जाएगा।
The girl will eat the apple.	*The apple will be eaten.*

मैं सवाल पूछ रही हूँ।	सवाल पूछा जा रहा है।
I am asking a question.	*A question is being asked.*

Both the perfective participle of the main verb and the passive auxiliary जाना agree in number, gender, and person with the subject, but changes due to tense are seen only in the auxiliary verb जाना.

The passive voice in Hindi can be found in all tenses and mood forms.

Examples:

1. Present Habitual Tense

Active	मैं यह फल ख़रीदता हूँ।	*I buy this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा जाता है।	*This fruit is bought.*

2. Past Habitual Tense

Active	मैं यह फल ख़रीदता था।	*I used to buy this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा जाता था।	*This fruit used to be bought.*

3. Present Progressive Tense

Active	मैं यह फल ख़रीद रहा हूँ।	*I am buying this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा जा रहा है।	*This fruit is being bought.*

4. Past Progressive Tense

Active	मैं यह फल ख़रीद रहा था।	*I was buying this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा जा रहा था।	*This fruit was being bought.*

5. Future Tense

Active	मैं यह फल ख़रीदूँगा।	*I will buy this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा जाएगा।	*This fruit will be bought.*

6. Perfect Tense

Active	मैंने यह फल ख़रीदा।	*I bought this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा गया।	*This fruit was bought.*

7. Present Perfect Tense

Active	मैंने यह फल ख़रीदा है।	*I have bought this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा गया है।	*This fruit has been bought.*

8. Past Perfect Tense

Active	मैंने यह फल ख़रीदा था।	*I had bought this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा गया था।	*This fruit had been bought.*

9. Subjunctive Mood

Active	क्या मैं यह फल ख़रीदूँ ?	*Should/Shall I buy this fruit?*
Passive	क्या यह फल ख़रीदा जाए ?	*Should this fruit be bought?*

10. Presumptive Mood

Active	वह फल ख़रीद रहा होगा।	*He must be (probably is) buying fruit.*
Passive	फल ख़रीदा जा रहा होगा।	*Fruit is probably being bought.*

11. Compulsion Constructions

Active	मुझे यह फल ख़रीदना है।	*I have to buy this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा जाना है।	*This fruit has to be bought.*
Active	मुझे यह फल ख़रीदना चाहिये।	*I should buy this fruit.*
Passive	यह फल ख़रीदा जाना चाहिये।	*This fruit should be bought.*

Note that the compulsion construction with पड़ना is not found in the Hindi passive.

Notes

1. In Hindi sentences in the active voice, objects, especially animate ones, are often marked by a postposition, generally को. In corresponding passive sentences this postposition को may be retained or dropped. If it is retained, it will block agreement, and the verb will take the neutral form (masculine singular form).

Examples:

Active	Passive
हमने वहाँ आपकी बहन को देखा।	आपकी बहन वहाँ देखी गई।
We saw your sister there.	*Your sister was seen there.*
	OR
	आपकी बहन को वहाँ देखा गया।
	Your sister was seen there.

As seen in the above example, the active form can be changed into two passive sentences. The first sentence is passive without को following the subject, while in the second sentence, which is also passive, the postposition को is retained.

2. Generally, the passive voice is formed with transitive verbs, but sometimes intransitive verbs are also used to form the passive. In such cases, there would be no subject in the passive voice construction and the verb will show neutral agreement (masculine singular form).

Examples:

Active	Passive
यहाँ लोग पलंग पर नहीं सोते हैं।	यहाँ पलंग पर नहीं सोया जाता है।
Here people don't sleep on a bed.	*Here people don't sleep on a bed.* (lit., *The bed is not slept on here.)*
यहाँ लोग ज़मीन पर बैठते हैं।	यहाँ ज़मीन पर बैठा जाता है।
Here people sit on the ground.	*Here people sit on the ground.* (lit., *The ground is sat upon here.)*
फ़्री वेज़ पर लोग पैदल नहीं चलते हैं।	फ़्री वेज़ पर पैदल नहीं चला जाता है।
People don't walk on freeways.	*People don't walk on freeways.* (lit., *Freeways are not walked upon.)*

3. When the verb जाना is used as the main verb in the passive voice, the special perfective forms जाया / जाये / जाई are used instead of its expected perfective forms गया / गये / गई.

Example:

ये सब्ज़ियाँ गाँव से शहर ले जाई जाएँगी। *These vegetables will be taken from the village to the city.*

4. The negative नहीं generally preceeds both parts of the verbs.

Example:

इस देश में हिन्दी नहीं बोली जाती है। *Hindi is not spoken in this country.*

5. When the agent (actor) is mentioned, it is not normal to use the passive voice in Hindi. "The book was written by me" is generally not said in Hindi. If the actor is to be mentioned, then the active voice must be used. However, in Hindi we occasionally find sentences in the passive voice where the agent is mentioned with the postposition के द्वारा *by, by the agency [of]*, or in some limited instances with के हाथों, where it implies *by the hands of.*

Examples:

वह दुश्मन के द्वारा / के हाथों मारा गया।
He was killed by the enemy.

यह लेख उस छात्र के द्वारा लिखा गया।
This article was written by that student.

Such sentences in the passive voice, where the agent is mentioned with के द्वारा, are not very common in Hindi and are usually the result of a direct translation of English sentences.

Since no agent is mentioned in the passive voice, it is most commonly used in making official announcements.

Example:

यात्रियों से निवेदन किया जाता है कि...।
The passengers are requested to...

The passive is also frequently used in impersonal sentences since no specific agent is mentioned in them.

Example:
(यह) कहा जाता है कि मेहनत का फल हमेशा मीठा होता है।
It is said that hard work always pays off. (lit., *It is said that the fruit of hard work is always sweet.)*

6. Hindi uses the postposition से to express the instrument by which an action is performed.

Example:
यहाँ खेती मशीनों से की जाती है। *Here farming is done by machines.*

7. In the case of nominal conjunct verbs (e.g., इंतज़ार करना), the nominal element of the verb (e.g., इंतज़ार) acts as the subject of the passive construction and the verb agrees with it.

Examples:

Active	Passive
लड़की ने उसका इंतज़ार किया। *The girl waited for him.* (lit., *The girl did his waiting.)*	उसका इंतज़ार किया गया। *He was waited for.* (lit., *His waiting was done.)*
लड़की दोस्त की मदद करेगी। *The girl will help her friend.* (lit., *The girl will do her friend's help.)*	दोस्त की मदद की जाएगी। *The friend will be helped.* (lit., *The friend's help will be done.)*
वह कार की मरम्मत कर रहा है। *He is repairing the car.* (lit., *He is doing the repair of the car.)*	कार की मरम्मत की जा रही है। *The car is being repaired.* (lit., *The repair of the car is being done.)*

8. Hindi has many intransitive verbs, such as बनना *to be made* and धुलना *to be washed*, that are inherently passive in meaning and cannot occur in the passive construction (e.g., साड़ी धुली जाएगी is not possible). Therefore, there can be two types of constructions in Hindi that are passive in meaning:

(a) An intransitive verb with an inherent passive meaning in the active voice (e.g., पकना *to be cooked)*

Example:
यहाँ भारतीय खाना पकता है। *Indian food is cooked here.*

(b) The transitive counterpart in a passive construction (e.g., पकाया जाना *to be cooked*)

Example:
यहाँ भारतीय खाना पकाया जाता है। *Indian food is cooked here.*

Hindi has many such intransitive and transitive verb pairs, such as:
जलना *to be burned* - जलाना *to burn*
पकना *to be cooked* - पकाना *to cook*
रुकना *to be stopped* - रोकना *to stop (someone or something)*
बनना *to be made* - बनाना *to make*
बिकना *to be sold* - बेचना *to sell*
खुलना *to be opened* - खोलना *to open*

The existence of these pairs allows Hindi speakers to formulate two kinds of passive constructions that are quite similar in meaning.

Examples:

सड़कें बनाई जा रही हैं। *The roads are being built.*	सड़कें बन रही हैं। *The roads are being built.*
यहाँ किताबें बेची जाती हैं। *Books are sold here.*	यहाँ किताबें बिकती हैं। *Books are sold here.*
खिड़की खोली गई। *The window was opened.*	खिड़की खुली / खुल गई। *The window opened.*

Note that although the above examples have the same translations, subtle differences do exist between the pairs (sometimes these are difficult to convey in English translation):

First, while the construction with the intransitive verb (inherently passive) simply reports that an action has occurred (the actor is not important or is irrelevant), the passive construction we have discussed in this chapter alludes to, implies, and/or indirectly refers to the existence of an actor, giving him/her some degree of importance even though he/she is not present in the sentence.

Examples:

खाना पकाया गया।	खाना पका / पक गया।
The food was cooked [by someone].	*The food was cooked.*

Second, Hindi speakers can also differentiate between intentional and accidental actions by using two different constructions. When certain verbs are used in the passive voice, they imply that the action was intentional. However, when the action is accidental, natural, or occurs on its own, a Hindi speaker will use an intransitive verb (inherently passive). Hence, there may be two different ways of rendering an English sentence in Hindi. One translation will imply that the action was intentional, while the second translation will imply that the action was an accident or occurred on its own.

Examples:

Passive (intentional action)	Intransitive verb (natural/accidental)
साड़ी फाड़ी गई।	साड़ी फटी / फट गई।
The sari was torn.	*The sari tore.*
खिड़की तोड़ी गई।	खिड़की टूटी / टूट गई।
The window was broken.	*The window broke.*
दुकानें जलाई गईं।	दुकानें जलीं / जल गईं।
The shops were burned.	*The shops burned.*

The Use of the Passive to Express Inability

The passive voice is often used to express the inability (generally physical) or the incapacity of someone to perform an action. In such cases, the agent is *always* mentioned with the postposition से *with, by*. Since such sentences convey inability, they are always negative.

Examples:

बुख़ार के कारण, मुझसे बहुत देर तक नहीं बैठा जाएगा।
Because of a fever, I won't be able to sit for a long time.

सिरदर्द की वजह से, उससे कल कुछ नहीं पढ़ा गया।
Because of a headache, s/he could not read anything yesterday.

मेरी बूढ़ी दादी से जल्दी नहीं चला जाता।
My old grandmother can't/is unable to walk fast.

One can also use an intransitive verb in such situations:

मुझसे यह काम नहीं होता।	*I can't do this work.*
मुझसे यह काम नहीं किया जाता।	*I can't/I am unable to do this work.*

Though both the above constructions are similarly translated in English, the former (with an intransitive verb) may indicate an unwillingness rather than an inability to perform an action. However, the difference between these two is very subtle.

The Passive Voice: Exercises

1. Substitution drill

Sanskrit is taught at this university.
इस यूनिवर्सिटी में संस्कृत पढ़ाई जाती है।

बंगाली
हिन्दी
बहुत भाषाएँ
इतिहास
भारत का इतिहास
भारत के बारे में
दुनिया का इतिहास
विज्ञान
बहुत विषय
क्या

2. Substitution drill

Beautiful saris are being sold here.
यहाँ सुन्दर साड़ियाँ बेची जा रही हैं।

हिन्दुस्तानी कपड़े
फूल
हिन्दी की किताबें
खिलौने
चप्पलें
हिन्दी और उर्दू के अख़बार
क्या

3. Transformation drill

I will read this book tomorrow. This book will be read tomorrow.
मैं कल यह किताब पढ़ूँगा। कल यह किताब पढ़ी जाएगी।

मैं कल एक फ़िल्म देखूँगा।
मैं कल यह काम करूँगा।
मैं कल कपड़े ख़रीदूँगा।
मैं कल एक तसवीर बनाऊँगा।
मैं कल कुछ कपड़े धोऊँगा।
मैं कल पत्र लिखूँगा।
मैं कल एक गीत सुनाऊँगा।
मैं कल वे पुराने मन्दिर देखूँगा।

4. Substitution drill

Beautiful things were seen there.
वहाँ सुन्दर चीज़ें देखी गईं।

एक बड़ी मस्जिद
पुराने मन्दिर
एक बड़ा बाग़
एक सुन्दर पार्क
नये मकान
बहुत पुलिसवाले
बड़ी भीड़
हड़ताल करने वाले
हड़ताल करने वालों की भीड़

5. Substitution drill

Chairs are made here.
यहाँ कुरसियाँ बनाई जाती हैं।

used to be made
are being made
were being made
were made
have been made
had been made
will be made

must have been made
may be made
should be made

6. Transformation drill

I help friends. — Friends are helped.
मैं दोस्तों की मदद करता हूँ। — दोस्तों की मदद की जाती है।

छात्र हिन्दी बोलने की कोशिश करते हैं।
मैं कल काम शुरू करूँगी।
नौकर घर साफ़ करेगा।
लड़की खिड़की बन्द कर रही थी।
हम शिक्षक का इन्तज़ार कर रहे थे।
उसने कार की मरम्मत की।
मैंने दोस्तों की मदद की।
उन्होंने काम शुरू किया।

7. Transformation drill

A taxi stopped. — A taxi was stopped.
टैक्सी रुकी। — टैक्सी रोकी गई।

खाना पका।
सब कपड़े धुले।
वह खिड़की खुली।
मकान बन रहा है।
ताज़ी सब्ज़ियाँ बिक रही हैं।
काम शुरू हुआ।
मकान की मरम्मत हुई।
घर कल साफ़ होगा।
दुकान कब बन्द होगी।

8. Transformation drill

We study Hindi here. — Hindi is studied here.
हम यहाँ हिन्दी पढ़ते हैं। — यहाँ हिन्दी पढ़ी जाती है।

छात्र सवाल पूछते हैं।
मैंने कुछ किताबें ख़रीदीं।
उसने भारत के बारे में बताया।
लड़की ने एक सुन्दर कविता लिखी।
उसने एक कहानी सुनाई।
वह लड़का अख़बार पढ़ रहा है।
हम टैक्सी का इन्तज़ार कर रहे हैं।
वह दोस्त की मदद कर रहा है।
लड़का मोटर चला रहा है।
मैं कल यह काम करूँगा।
हम गाड़ी की मरम्मत करेंगे।
हम कल वे मन्दिर देखेंगे।

9. Substitution drill

Because of illness, he will not be able to do this work.
बीमारी की वजह से उससे यह काम किया नहीं जाएगा।

इतना काम नहीं किया
क्लास नहीं आया
खाना नहीं पकाया
एक मील नहीं चला
बहुत देर तक नहीं बैठा
मसालेवाला खाना नहीं खाया

10. Oral questions

ये जूते कहाँ बनाये जाते हैं ?
ये साड़ियाँ कहाँ बेची जाती हैं ?
हिन्दी कहाँ बोली जाती है ?

हिन्दी कहाँ पढ़ाई जाती है ?
टेलीग्राफ़ ऐवन्यू पर क्या बेचा जाता है ?
यह पत्र कब लिखा गया ?
किसका इंतज़ार किया जा रहा है ?
उर्दू कहाँ बोली जाती है ?
उर्दू के अख़बार कहाँ बेचे जाते हैं ?
यह किताब कब पढ़ी जाएगी ?
अच्छा हिन्दुस्तानी कहाँ बेचा जाता है ?
मेरी कार की मरम्मत कब की जाएगी ?
साड़ी कहाँ पहनी जाती है ?
कल क्या किया जाएगा ?
कल कौन-सी फ़िल्म देखी जाएगी ?
कल किसकी मदद की गई ?

11. Translation exercise
(Use the passive voice.)

1. Today flowers are not being sold here.
2. Many books will be written on this subject.
3. These children were helped yesterday.
4. Because of her illness, she is unable to come to class.
5. The letter will be sent by mail.
6. This old man will not be able to do this much work.
7. Hindi films are generally shown in this theater.
8. These books were read yesterday.
9. A new house will be built.
10. My books were sent to Berkeley two months ago.
11. This work will be done tomorrow.
12. These days our house is being repaired.

15. REFLEXIVE FORMS

In addition to the reflexive possessive adjective अपना (discussed in Chapter 20, *Introduction to Hindi Grammar*), Hindi also has other reflexive forms that, like अपना, refer back to the subject of a sentence or clause and whose translation depends on the person or thing to which they refer (e.g., the subject of the sentence or clause). Thus, a reflexive form can be translated as "myself," "yourself," "himself," "herself," "itself," "themselves," "ourselves," and so forth, depending on the context and usage.

Reflexive Pronouns

Reflexive pronouns in Hindi include आप, or its expanded form अपने आप, ख़ुद, and स्वयं. While आप / अपने आप and ख़ुद are more common in colloquial speech, the reflexive pronoun स्वयं / स्वयम् occurs mostly in formal, written language. The following examples illustrate the difference between using a reflexive possessive adjective and a reflexive pronoun:

Examples:
छात्र अपना खाना पका रहा है ।
The student is cooking his [own] food.

छात्र आप / अपने आप / ख़ुद / स्वयं अपना खाना पका रहा है ।
The student is cooking his [own] food himself.

Reflexive pronouns in the direct case

When used in the direct case (e.g., when not followed by a postposition), all the above forms are often followed by ही. Adding ही is particularly useful in distinguishing the reflexive form आप from the second person pronoun आप (you).

Examples:
मैंने यह कविता आप / ख़ुद (ही) लिखी है ।
I have written this poem myself.

मैं ख़ुद / आप गोश्त नहीं खाती लेकिन अपने परिवार के लिये पकाती हूँ ।
I myself don't eat meat, but I cook it for my family.

मेरी दादी जी को अपना काम स्वयम् (ही) करना पसन्द है ।
My grandmother likes to do her work herself.

पिता जी अपने आप (ही) आपको इस के बारे में बताएँगे ।
Father will tell you about it himself.

Reflexive pronouns in the oblique case

The oblique form of the reflexive pronoun आप is अपने. अपने आप, ख़ुद, and स्वयं are invariable and do not change in the oblique case.

Examples:
वह छात्र अपने को बहुत होशियार समझता है ।
That student considers himself very intelligent.

लड़की ने अपने आप से पूछा कि मैं क्यों हमेशा उस लड़के के बारे में सोचती रहती हूँ ।
The girl asked herself, why do I always keep on thinking about that boy?

वह ख़ुद को ख़ुदा कहने लगा है ।
He has started calling himself God.

लड़की शीशे में स्वयं को देख कर मुस्कुरा रही थी ।
The girl, looking at herself in the mirror, was smiling.

Reflexive Forms Used Adverbially

In some instances, the Hindi reflexive form अपने आप may be used adverbially, conveying the sense "by oneself/itself," "of one's own accord," or "of one's own volition."

Examples:
ब्रेक लगाओ नहीं तो गाड़ी अपने आप चलने लगेगी ।
Put on the brake; otherwise the car will start moving by itself (of its own accord).

वह अपने आप संस्कृत सीखने लगा ।
He began to learn Sanskrit of his own volition [i.e., nobody else had to tell him to do it].

क्या तुम सोचते हो कि यह काम अपने आप ख़त्म हो जाएगा ?
Do you think that the work will be completed by itself (of its own accord)?

Note that it is sometimes ambiguous whether a reflexive form is being used pronominally or adverbially. Thus वह अपने आप घर साफ़ करेगा can be translated either as "*He will clean the house himself (alone, without any help)*" or as "*He will clean the house of his own volition [no one has to tell him to do it].*"

Another reflexive form used adverbially is आपस में. Like the reflexive adjectives and pronouns, it refers back to the subject of a sentence (which with this form is always plural). Depending on its context, आपस में can be translated as "among/between themselves," "among/between ourselves," "among/between yourselves," etc.

Examples:
ये लड़कियाँ आपस में बहुत हँसी-मज़ाक करती हैं ।
These girls laugh and joke a lot among themselves.

हमें आपस में बात करके ही इसके बारे में फ़ैसला करना चाहिये ।
We should make a decision about it only after discussing the matter among ourselves.

इन भाई-बहनों में आपस में बहुत प्यार है ।
There is a lot of love among these brothers and sisters.

Other Reflexive Forms

आपस का / आपसी is another reflexive form, related in meaning to the adverbial reflexive आपस में, though it is used adjectivally. आपस का / आपसी can be translated as "of/pertaining to ourselves/yourselves/themselves" (depending on the context).

Examples:
तुम क्यों बीच में बोलते हो ? यह हमारा आपस का / आपसी मामला है ।
Why are you interfering? This is a personal matter/This matter pertains only to us.

यह उनका आपस का / आपसी समझौता है । हमें इस के बारे में कुछ कहने का कोई हक़ नहीं है ।
This is their mutual agreement. We have no right to say anything about it.

Another reflexive form is आपा, used nominally (as a marked masculine noun) to indicate "oneself." Its occurrence, however, is infrequent. It refers back to the subject of the sentence, and thus its translation could be "myself," "himself," "herself," "ourselves," "yourselves," and so forth, based on the subject.

Examples:
अपने पति की मृत्यु का समाचार सुनकर उसने आपा पीट लिया ।
Upon hearing the news of her husband's death, she was devastated (lit., *she beat herself*).

जब मैं देर से आई तो वह गुस्से में आपे से बाहर हो गया ।
He was beside himself with anger when I came late.

Reflexive Forms: Exercises

1. Transformation drill

I made this painting myself.
मैंने ख़ुद यह तसवीर बनाई।

I made this painting myself.
मैंने स्वयम् यह तसवीर बनाई।

आपको ख़ुद वहाँ जाना चाहिये।
पिता जी ख़ुद शिक्षक से मिलने गये।
मैं ख़ुद अपनी गाड़ी चलाती हूँ।
माँ को ख़ुद अपना काम करना पसन्द है।
तुम ख़ुद उससे पूछो।
वह ख़ुद अपना दुश्मन है।
चोट के कारण वह ख़ुद नहा नहीं सकती।
मैंने ख़ुद आपके लिए यह कविता लिखी।

2. Transformation drill

He will go there himself.
वह आप ही वहाँ जाएगा।

He will go there himself.
वह अपने आप (ही) वहाँ जाएगा।

मैं आप ही अपनी मदद करूँगी।
मैं आप ही अपने बच्चों को पढ़ाऊँगी।
उसने आप ही सब खाना पकाया।
तुम्हें आप ही शिक्षक को यह बताना चाहिये।
मेरे भाई को आप ही बॉस्टन जाना पड़ेगा।
मेरी माँ आप ही अपने कपड़े सीती हैं।
वह आप ही बच्चों को पार्क ले गई।
मेरी बहन ने आप ही पार्टी का सब इंतज़ाम किया।

3. Transformation drill

She considers herself very smart.
वह अपने आप को बहुत होशियार समझती है।

She considers herself very smart.
वह अपने को बहुत होशियार समझती है।

उसको अपने आप से बात करने की आदत है।
उसने अपने आप को नया नाम दिया।
मैंने अपने आप से पूछा, "अब मैं क्या करूँ?"
उसने अपने आप को उसकी आँखों में देखा।
अपने आप को धोखा देना भी ग़लत है।
उसने अपने आप के लिए एक तोहफ़ा ख़रीदा।
तुम्हें अपने आप के बारे में भी सोचना चाहिये।
क्या तुम इसके लिए अपने आप को माफ़ कर सकते हो?

4. Substitution drill

These students chitchat/gossip a lot among themselves.
ये छात्र आपस में बहुत गपशप करते हैं।

play
laugh
joke
argue
fight
talk
meet

5. Transformation drill

Their mutual friendship is ideal.
उनकी आपस की दोस्ती आदर्श है।

Their mutual friendship is ideal.
उनकी आपसी दोस्ती आदर्श है।

यह हमारी आपस की बात है।
वह उनका आपस का मामला है।
क्या यह तुम्हारा आपस का फ़ैसला है?

यह इनका आपस का समझौता है।
यह उनकी आपस की समस्या है।
यह उनकी आपस की लड़ाई है।

6. Translation exercise

1. She went to buy flowers for herself.
2. Will you be able to do this much work yourself?
3. He taught himself how to play the flute.
4. Why are they fighting among themselves?
5. Little children like to do their work themselves.
6. What did they decide among themselves?
7. Now my daughter can ride (drive) a bicycle herself.
8. I didn't say anything to her. She went there herself (of her own volition).
9. This is our personal (mutual) problem, but we want your advice.
10. He likes to talk about himself.

16. COMPOUND VERBAL FORMATIONS, PART 2 (WITH डालना, पड़ना, उठना, बैठना, AND रखना)

In Chapter 7, we discussed the general rules used in the formation of compound verbs and examined compound verbal formations with जाना, लेना, and देना. In this chapter we will cover the usage of several other commonly used auxiliaries in compound verbs. Students should keep in mind that these compound verbal formations are difficult to use and should be used with care and discretion.

डालना *to pour, to throw down, to put in/down, to drop*: डालना is a transitive verb, and it occurs as an auxiliary verb only with transitive verb stems. When used in such compound constructions, डालना as an auxiliary intensifies or adds force to an action, though it can add different meanings in different contexts. Thus, it can denote an action that is done violently, aggressively, forcefully, vigorously, thoughtlessly, decisively or with determination.

Examples:
हम दुश्मन को मार डालेंगे।
We will kill the enemy. (Note that मारना literally means to "hit" or "strike," but when compounded with डालना, it always means "to kill.")

उसने गुस्से में अपना गिलास तोड़ डाला।
In anger he broke his glass. (The emphasis here is on the intensity of the action.)

चोर ने घर का दरवाज़ा खोल डाला।
The thief opened the door of the house. (The implication is that he did so forcefully.)

फ़िल्म देखने के कारण उसने जल्दी से अपना सब काम ख़त्म कर डाला।
In order to see the film, he finished all his work quickly. (i.e., he did his work intensively and with determination.)

तुमने यह क्या कर डाला ?
What [is this] you have done? (This is a comment on the thoughtlessness of the action in question.)

पड़ना *to fall, to lie idle or useless, to befall*: पड़ना is an intransitive verb and it occurs as an auxiliary verb generally with intransitive verbs. In compound verbal formations पड़ना is used to express sudden, abrupt, spontaneous, and possibly unanticipated actions. In short, it is used to convey a sudden change of state or circumstances. पड़ना, which means "to fall," is often combined with verb stems that also suggest a similar downward movement. This construction should not be confused with the infinitive + पड़ना construction, which means "have to," "must," "to be forced/obliged to," (i.e., the compulsion or obligation construction). Since पड़ना is an intransitive verb, the compound verb formed with the verb stem + पड़ना is always treated as a non- ने construction.

Examples:
दौड़ते-दौड़ते लड़की गिर पड़ी ।
The girl fell down while running. (The implication is of an abrupt change in circumstances--from running to falling--and the action is of downward movement.)

वह बात-बात पर हँस पड़ती है ।
She bursts into laughter on the smallest pretext. (In this sentence the emphasis is on the spontaneous action of "bursting" into laughter.)

हमारे परिवार पर यह क्या अजीब मुश्किल आ पड़ी ?
What strange, difficult situation has befallen our family? (The implication is that the difficulty was unanticipated. Note that the original meaning of the verb पड़ना, "to befall," is also retained.)

वह खिड़की से कूद पड़ा ।
He jumped out of the window. (The suggestion here is that the action is sudden and with a downward movement.)

शाम होते ही मज़दूर अपने-अपने घर की तरफ़ चल पड़े ।
5. Not all Hindi verbs have forms for the categories discussed above (either intransitive/transitive/causative or transitive/first causative/second causative). For example, the intransitive verbs आना, जाना, होना, and रहना do not have any transitive or causative forms, and the transitive verbs जानना, पाना, and बताना / बतलाना do not have any causative forms. Some verbs like ख़रीदना have only two forms, as discussed in section (7) above.

6. Causative verbs are not listed independently in dictionaries.

Causative Verbs: Exercises

1. Transformation drill

Transform the following sentences using वह as the agent in all these sentences.

I cook food.
मैं खाना पकाती हूँ।

I have him cook the food.
मैं उससे खाना पकवाती हूँ।

पिता जी दादा जी को पत्र लिखते हैं।
मेरा दोस्त कार की मरम्मत करता है।
मैं अपने कपड़े धोता हूँ।
वह अपनी कार चलाता है।
मैं बच्चे को दूध पिलाती हूँ।
वह अपने भाई की मदद करता है।
माँ बच्चे को खाना खिलाती है।
मैं गाड़ी चलाती हूँ।

2. Transformation drill

Transform the following sentences using the agent given in parentheses.

He will make a big table.

He will have the carpenter make a big table.

वह एक बड़ी मेज़ बनाएगा। (बढ़ई)

वह बढ़ई से एक बड़ी मेज़ बनवाएगा।

वह दरवाज़ा खोलेगा। (नौकर)
हम अपने कपड़े धोएँगे। (धोबी)
मैं माँ को फ़ोन करूँगी। (भाई)
डाक्टर मरीज़ की चोट पर दवाई लगाएँगे। (नर्स)
मेरी बहन कुछ कपड़े सिएगी। (दर्ज़ी)
वह खाना पकाएगी। (अपना पति)
वह फ़ायरप्लेस में आग जलाएगी। (नौकरानी)
मैं बच्चों को कहानी सुनाऊँगी। (दादा जी)

3. Transformation drill

Transform the following sentences using the agent given in parentheses.

The mother put the child to sleep.

The mother had the nanny put the child to sleep.

माँ ने बच्चे को सुलाया। (आया)

माँ ने आया से बच्चे को सुलवाया।

उसने ये पेड़ काटे। (मज़दूर)
हमने कूड़ा बाहर निकाला। (नौकर)
पिता जी ने माँ की मदद की। (हम)
मैंने नौकरी की अर्ज़ी भेजी। (अपना भाई)
माँ ने यह कमरा साफ़ किया। (मैं)
उसने बच्चों को मिठाइयाँ दीं। (हम)
मैंने अपने बच्चों को अँग्रेज़ी पढ़ाई। (शिक्षक)
यात्री ने अपना सामान उतारा। (कुली)

4. Substitution drill

Write your essay yourself. Don't have your friend write it.
तुम स्वयं अपना निबन्ध लिखो। दोस्त से न लिखवाओ।

अपना काम करो
अपना सामान उठाओ
अपनी किताबें बेचो
अपने बच्चों को पढ़ाओ
अपनी कार की मरम्मत करो
अपना कमरा साफ़ करो
अपने लिए टैक्सी रोको
अपनी चाय बनाओ

5. Individual conversation response drill

अमीर लोग किससे अपनी कार चलवाते हैं ?
वह किससे अपने बच्चों को उर्दू सिखवाता है ?
वह किससे अपना खाना पकवाता है ?

भारत में स्टेशन पर लोग किससे अपना सामान उठवाते हैं ?
आप किससे अपने लिए टैक्सी रुकवाएँगे ?
वह किससे अपना मकान बिकवाएगा ?
आप किससे अपना घर साफ़ करवाएँगे ?
आपने किससे अपनी कार की मरम्मत करवाई ?
भारत में आप किससे अपने कपड़े सिलवाएँगे ?
राष्ट्रपति किससे अपना भाषण लिखवाएँगे ?
उसने किससे छात्रों को कविताएँ सुनवाईं ?
आपने किससे यह किताब ख़रीदवाई ?
उसने किससे कुत्ते को खाना खिलवाया ?
दादाजी ने किससे अपनी चिट्ठी लिखवाई ?
शाहजहाँ ने किनसे ताजमहल बनवाया ?

6. Translation exercises

1. He had the taxi driver stop the taxi in front of his house.
2. I always get my husband to drive the car.
3. He had his friend tell his students this story.
4. I will have my mother buy a sari for me.
5. We will have the servant lift that heavy table.
6. Why do you get your wife to do all your work?
7. In India, I will have the washerman wash all [of] my clothes.
8. She got her servant to open the door for us.
9. In India, I had a tailor sew some clothes for me.
10. Yesterday my father had his car repaired by a mechanic.
11. Mother had me clean my room.
12. My grandfather had me give some money to that poor man.

19. SUBJUNCTIVES

The subjunctive mood was introduced in *Introduction to Hindi Grammar*. In this chapter we will review the basic characteristics of subjunctives before moving on to explore the wide range of their usage. The basic precepts of the subjunctive are easy to understand, though they may take a little time to master because subjunctives are used in a variety of situations and can convey different meanings in different contexts.

Examples:

हम आपके साथ चलें ?	*Shall we go with you?*
चलो, बाहर चलें ।	*Come on, let's go out.*
आप हमारे साथ पार्टी में चलें ।	*Please come with us to the party.*

In the above three examples, the verb चलें is used in three different contexts, and its meaning changes accordingly. In the first sentence it is used to ask *permission*. In the second sentence, the speaker is *persuading* someone to join him/her in going out, while the third sentence is a *polite invitation* asking someone to accompany the speaker (and his/her group) to a party.

Subjunctive verb forms are generally used to convey desirability, possibility, probability, uncertainty, or a wish about some future action or event.

Formation

Subjunctive forms in Hindi are identical to those of the future tense except that the suffix गा, गे, or गी is omitted.

Examples:

Future	Subjunctive
मैं जाऊँगा ।	मैं जाऊँ ?
I will go.	*Shall I go ?*

आप पढ़ेंगे ।	आप पढ़ें ।
You will study.	*Please study.*
शायद मेरी बहन यहाँ काम करेगी ।	शायद मेरी बहन यहाँ काम करे ।
Perhaps my sister will work here.	*Perhaps my sister may work here.*

Notes

1. Three verbs that have irregular future forms (होना, लेना, देना) also have irregular subjunctive forms. Also note that मैं has two future forms: मैं हूँगा and मैं होऊँगा. Thus the subjunctive could be either मैं हूँ or मैं होऊँ. Since the former is also the present tense form of "I am," the latter is more commonly used to indicate the subjunctive.

2. The subjunctive form of a verb remains the same regardless of whether it refers to a masculine or a feminine subject.

Examples:

<u>Future</u>

शायद वह कल नहीं आएगा / आएगी ।

Perhaps he/she will not come tomorrow.

<u>Subjunctive</u>

शायद वह कल न आए ।

Perhaps he/she may not come tomorrow.

3. The negative particle used with the subjunctive is always न, as seen in the above example.

The subjunctive is used in two kinds of sentences: simple sentences and conditional sentences. In this chapter we will cover simple sentences. Conditional sentences will be discussed in Chapter 20.

Subjunctives in Simple Sentences

Subjunctive forms convey a variety of meanings in simple sentences. Generally, it is only the context that can clarify the precise meaning of the particular subjunctive form in a simple sentence. The following list summarizes the most common uses of subjunctive forms. Numbers (1) through (6) are extensively covered in the *Introduction to Hindi Grammar* but are briefly reviewed here.

(1) The subjunctive is commonly used to ask for advice or permission. In short, it is found in "should," "shall," or "may" questions.

Examples:

मैं अब क्या करूँ ?	*What shall I do now?*
हम शाम को मिलें ?	*Shall/should we meet in the evening?*

(2) The subjunctive is often used to persuade someone to do something with the subject (i.e., in "let's" constructions). In such sentences the subject हम is generally understood and the verb is in the plural. Very often such sentences are introduced with the imperative forms of आना or चलना (e.g., आओ , चलो , चलिये) to signal this particular usage of the subjunctive.

Examples:

चलिये, कुछ कॉफ़ी पिएँ ।	*Please come; let's drink some coffee.*
आओ, अंदर चलें ।	*Come on, let's go inside.*

(3) Hindi speakers employ subjunctive forms to be extremely polite when asking someone to do something. In other words, it is the most polite form of making a request. It is almost like suggesting that someone do something rather than asking the person to do it. The subject आप is generally understood and the verb is always in the plural.

Examples:

(आप) भारत पहुँचकर पत्र ज़रूर लिखें ।	*Please definitely write [to us] when you reach India.*

(आप) अपना नाम और पता यहाँ लिखें।	*Please write your name and address here.*
(आप) उसको यह न बताएँ।	*Please don't tell him this.*
कृपया अपनी-अपनी सीट बेल्ट बाँध लें।	*Kindly buckle your own seat belt.*

(4) In phrases used in congratulating someone or in expressing good wishes or blessings the verb is always in the subjunctive.

Examples:

भगवान करें कि तुम जल्दी वापस आओ।	*May God bring you back soon.*
जन्म-दिन मुबारक हो।	*Happy birthday.* (lit., *May [your] birthday be auspicious.*)
भगवान तुम्हें सफलता दें।	*May God grant you success.*
हमेशा ख़ुश रहो।	*May you always be (remain) happy.*

(5) The subjunctive, when used with adverbs such as शायद *perhaps*, conveys maximum uncertainty in the mind of the speaker. शायद can also be used in other moods (e.g., the indicative or the presumptive moods); however, with different moods, it conveys different degrees of certainty.

Examples:

शायद वह अपने दफ़्तर में हो।

Perhaps/Maybe he is in his office [but I really don't know].

शायद वह अपने दफ़्तर में होगा।

Perhaps/Maybe he is (will be) in his office [at least I suppose he is].

शायद वह अपने दफ़्तर में है।

Perhaps/Probably he is in his office [as a matter of fact, I am fairly sure he is].

(6) All of the examples of the subjunctive in (1) – (5) above refer to the future. This "future subjunctive" always occurs as a single word because it is the main verb itself that takes the subjunctive form. However, the subjunctive can also be used in other tenses. In such situations, a subjunctive

form of होना is added as an auxiliary to the habitual, progressive, or perfective form of the main verb. Note that when used in other tenses, the subjunctive consists of two or more parts (main verb + होना). While the future subjunctive can have multiple meanings, the subjunctive used in other tenses indicates only doubt or uncertainty. The adverb शायद is generally used in such sentences.

Examples:

<u>Subjunctive habitual</u>

शायद वह वहाँ काम करता हो।

Perhaps he works/used to work there.

<u>Subjunctive progressive</u>

शायद वह वहाँ काम कर रहा हो।

Perhaps he is/was working there.

<u>Subjunctive perfective</u>

शायद उसने वहाँ काम किया हो।

Perhaps he worked/has worked/had worked there.

Note: In the above sentences there is no indication of the actual tense of the action, which could be in either the past or present. This can be clarified only by the context.

(7) The subjunctive form is also used in third-person commands ("Let him/her..."; "Let them..."; "He/she/they should..."; etc.).

Examples:

बच्चे पार्क में खेलें।	*Let the children play in the park* OR *The children should play in the park.*
देखो, इस कमरे में कोई न आए।	*Look, let no one come into this room* OR *Look, no one should come into this room.*

(8) When one is expressing doubt or supposition about some future action, the verb will be in the subjunctive (generally conveying the sense "No one knows..." or "Who knows...").

Examples:
शहर में बड़ी गड़बड़ हो रही है । न जाने कल क्या हो ।
There is a lot of unrest in the city. No one knows what will (may) happen tomorrow.

कौन जाने कल बारिश हो या न हो ।
Who knows (whether) it will rain tomorrow or not.

(9) Subjunctives are also found in subordinate clauses, following verbs that express orders (these are often indirect commands).

Examples:
बच्चों से कहो कि सड़क पर न खेलें ।
Tell the children not to play on the street.

नौकर से कहो कि बाज़ार से कुछ मिठाइयाँ लाएं ।
Ask (lit., *tell*) *the servant to bring some sweets from the market.*

उनसे कहो कि बाहर मेरा इंतज़ार करें ।
Ask (lit., *tell*) *them to wait for me outside.*

(10) In sentences with जब तक ...न the subjunctive form is generally used (if the reference is to a future action).

Examples:
जब तक पिताजी न आएँ, (तब तक) कहीं न जाना ।
Don't go anywhere until father returns.
(lit., *As long as father doesn't come, till then don't go anywhere.*)

जब तक काम ख़त्म न हो, (तब तक) वह घर नहीं जा सकता ।
He can't go home until the work is finished.
(lit., *As long as the work is not finished, till then he can't go home.*)

जब तक मैं न बुलाऊँ, (तब तक) अंदर न आना ।
Don't come in until I call you.
(lit., *As long as I don't call, till then do not come in.*)

(11) The subjunctive is used in "as if/as though" clauses that indicate supposition or imagined actions or situations, particularly after expressions such as "it seems as if/as though..." or "it appears as if/as though..."

Examples:
(a) जैसे *as if/as though*

हमें ऐसा लगा जैसे हम वहाँ अजनबी हों ।
It seemed to us/ We felt as if we were strangers there.

(b) मानो / मानों *as though*

वह इतनी सुन्दर है मानो गुलाब हो ।
She is as pretty [that you would think of her] as though she were a rose.

(12) Various words or phrases are used in Hindi to express a wish, necessity, possibility, appropriateness, or apprehension. The subjunctive form of the verb is *always* used in the subordinate clause after these words or phrases.

Expressing a wish

(a) X चाहता है कि... *X wants/wishes that...*

मैं चाहती हूँ कि आप हिन्दी बोलें ।
I wish that you would speak Hindi.

(b) X की इच्छा है कि... *It is X's wish/desire that...*

माँ की इच्छा है कि मैं सितार बजाना सीखूँ ।
It is Mother's wish/desire that I learn how to play the sitar.

(c) कितना अच्छा हो कि... *How nice it would be if...*

कितना अच्छा हो कि हम साथ-साथ ताज महल देखें।
How nice it would be if we [could] see the Taj Mahal together.

(d) काश (कि)... *If only...*

काश कि वह वापस आ जाए।
If only he would come back.

काश कि उसे लड़ाई में न जाना पड़े।
If only he didn't have to go to war.

Expressing necessity

(a) X को चाहिये कि... *It is needed/expected of X that...*

आपको चाहिये कि अपने दोस्त की मदद करें।
You should help your friend. (lit., It is needed/expected of you that you help your friend.)

(b) (यह) ज़रूरी / आवश्यक है कि... *It is necessary that...*

(यह) ज़रूरी / आवश्यक है कि हम सब कल मिलें।
It is necessary that we all meet tomorrow.

(c) X का कर्त्तव्य / फ़र्ज़ है कि... *It is X's duty to...*

आपका कर्त्तव्य / फ़र्ज़ है कि अपने माता-पिता की देखभाल करें।
It is your duty to take care of your parents.

Expressing possibility

(a) (यह) मुमकिन / संभव है कि... *It is possible that...*

(यह) मुमकिन / संभव है कि आज वह यह काम ख़त्म करे।
It is possible that he/she may finish this work today.

(यह) मुमकिन / संभव नहीं है कि बच्चे दिन भर चुप रहें।
It is not possible for children to remain quiet all day long.

(b) (यह) हो सकता है कि... *It is possible that...*

(यह) हो सकता है कि हम अगले साल भारत में मिलें।
It is possible that next year we may meet in India.

Expressing appropriateness

(a) (यह) उचित / मुनासिब है कि... *It is appropriate that...*

(यह) उचित / मुनासिब है कि आप स्वयं ही उसे यह बताएँ।
It is appropriate that you tell her/him this yourself.

(यह) उचित / मुनासिब है कि आप घर जाकर अपनी पत्नी की मदद करें।
It is appropriate that you should go home and help your wife.

(b) (यह) अच्छा / बेहतर है / होगा कि... *It is/will be better if...*

(यह) अच्छा / बेहतर होगा कि आप भविष्य के लिए कुछ पैसा बचाएँ।
It would be better if you saved some money for the future.

Expressing apprehension

(This use of the subjunctive will be discussed further in Chapter 21.)

(कहीं) ऐसा न हो कि... — *Let it not be that... / May [it] not ...*

(कहीं) ऐसा न हो कि वह इस परीक्षा में फ़ेल हो जाए।
May he not fail in the examination. (Let it not be that he should...)

Expressing "in order that"/"so that"

ताकि / जिससे (कि)... — *so that...*

पुस्तकालय जाइये ताकि आप वहाँ शान्ति से पढ़ सकें।
Please go to the library so that you are (may be) able to study there in peace and quiet.

जल्दी चलो जिससे (कि) हम रात होने से पहले घर पहुँच सकें।
Walk fast so that we can (may be able to) reach home before nightfall.

(13) Whereas the above-mentioned words and phrases require the use of subjunctives in the subordinate clause, the following words and phrases may be followed by the subjunctive. However, they may also occur with other forms of verbs.

(a) शायद — *perhaps*

शायद मैं अगले साल लंदन में पढ़ूँ।
Perhaps I will study in London next year.

(b) X का इरादा है कि... — *It is the intention of X that...*

मेरा इरादा है कि आज फ़िल्म देखूँ।
I intend to see a film today.

(c) X का ख़याल / विचार है कि... — *X thinks that...*

मेरी माँ का खयाल / विचार है कि मैं भारत न जाऊँ।
My mother thinks that I should not go to India.

(14) When adverbs are used to express "wherever," "whenever," "however," "however much," etc., the verb in these clauses generally takes the subjunctive form.

Examples:

जितनी भी मिठाइयाँ आप चाहें, (उतनी) ले लीजिये।
Please take as many sweets as you would like (wish).

जब भी वह वापस आए, उसे यह पत्र दे दीजिये।
Whenever he comes back, please give him this letter.

जब भी तुम मेरी मदद चाहो, मुझे फ़ोन करना।
Whenever you want my help, call (phone) me.

Subjunctives: Exercises

1. Transformation drill

I can bring some tea for you. Shall/ Should I bring some tea for you?

मैं आपके लिये कुछ चाय ला सकता हूँ। मैं आपके लिये कुछ चाय लाऊँ ?

मैं आपके लिये भारतीय खाना पका सकती हूँ।

मैं आपको इस किताब के बारे में बता सकता हूँ।

हम पाँच मिनट और उसका इन्तज़ार कर सकते हैं।

हम आपके साथ उसका भाषण सुनने चल सकते हैं।

हम शाम को आपके घर आ सकते हैं।

मैं आपको अपनी कविता सुना सकती हूँ।

2. Substitution drill

Come on, let's go to see a movie.
आओ/चलो, फ़िल्म देखने चलें।

play outside
finish our work
read some Urdu stories
go to Lake Tahoe next week
go to drink some coffee
go to Sproul Plaza and see the spectacle

3. Transformation drill

Please sit on this big chair. Would you please sit on this big chair?
इस बड़ी कुरसी पर बैठिये। इस बड़ी कुरसी पर बैठें।

आप कुछ और चावल लीजिये।

आप मुझे वह किताब दीजिये।

यहाँ से पढ़ना शुरू कीजिये।

कृपया खिड़की न खोलिये।

धीरे बोलिये।

वहाँ धूप में न बैठिये।

4. Substitution drill

Happy New Year!
नया साल मुबारक हो / नये साल की बधाई हो !
Merry Christmas!
Happy birthday!
Happy Diwali!
Happy Eid!
Happy Hanukkah!
Congratulations on your wedding!

5. Individual conversational response drill
(Use the same tense in the response.)

Where will this bus go? I don't know; perhaps it will (may) go to Delhi.

यह बस कहाँ जाएगी ? (मुझे) मालूम नहीं, शायद दिल्ली जाए।

वे लोग कौन-सी भाषा बोल रहे हैं ?

आपका दोस्त कब भारत जाएगा ?

आपकी पत्नी अभी क्या कर रही है ?

भारत के प्रधान मंत्री कब अमरीका आएँगे ?

उस कमरे में कौन सो रहा है ?

वह कहाँ गया है ?

उसने कल कितनी कहानियाँ पढ़ीं ?

कपड़ेवाले ने कल कितनी साड़ियाँ बेचीं ?

लड़का कितने बजे स्कूल गया ?

आपका भाई कल किससे मिला ?

6. Substitution drill

Ask/tell him not to go there.
उससे कहो कि वहाँ न जाए।

those children not to play on the street
that student to return my books
those students to come to class on time

your servant to bring some tea for me
your servant to stop a taxi for me
them to wait for me outside the library

7. Substitution drill

She will stay home until her children come from school.
जब तक उसके बच्चे स्कूल से न आएँ, तब तक वह घर में रहेगी।

उसका काम ख़त्म न हो जाए
उसको नौकरी न मिले
डाकिया न आए
उसका पति वापस न आए
बारिश न रुके
उसकी माँ की तबियत ठीक न हो

8. Substitution drill

We felt (It seemed to us) as if we were strangers there.
हमें लगा जैसे / मानों हम वहाँ अजनबी हों।

we were Indians also
our lives were useless
we were very famous
we were also rich
he was waiting for someone
she knew everything

9. Substitution drill

He wanted us to learn English.
वह चाहता था कि हम अँग्रेज़ी सीखें।

her to make some tea
us to go there
you to talk to them
me to finish my work
the children not to play on the street
his wife to go to college

10. Transformation drill

It is Mother's wish that I learn Hindi.	Mother wishes for me to study Hindi.
माँ की इच्छा है कि मैं हिन्दी सीखूँ।	माँ चाहती है कि मैं हिन्दी सीखूँ।

सरकार की इच्छा है कि लोग अपना टैक्स दें।
मेरी इच्छा है कि तुम मेहनत से काम करो।
हमारे शिक्षक की इच्छा है कि हम अच्छी हिन्दी बोलें।
पिता जी की इच्छा है कि मैं आज रात को पार्टी में न जाऊँ।
मेरी इच्छा है कि आप शाम को मेरे साथ खाना खाएँ।
मेरी माँ की इच्छा है कि मैं एक हिन्दुस्तानी लड़की से शादी करूँ।

11. Transformation drill

It would be great if she came back! (How great would it be if she came back!)	If only she would come back!
कितना अच्छा हो कि वह वापस आ जाए।	काश कि वह वापस आ जाए।

कितना अच्छा हो कि ट्रेन आज लेट न हो।
कितना अच्छा हो कि लोग धर्म के नाम पर न लड़ें।
कितना अच्छा हो कि वह शराब पीना छोड़ दे।
कितना अच्छा हो कि दुनिया में कोई ग़रीब न हो।
कितना अच्छा हो कि मेरे भाई को नौकरी मिल जाए।
कितना अच्छा हो कि आप मेरी बात समझने की कोशिश करें।

12. Transformation drill

You should exercise every day.	It is necessary for you to exercise every day.
आपको चाहिये कि आप रोज़ कसरत करें।	यह ज़रूरी है कि आप रोज़ कसरत करें।

आपको चाहिये कि आप ज़्यादा मिठाई न खाएँ।
उनको चाहिये कि वे रोज़ घूमने जाएँ।
छात्रों को चाहिये कि वे रोज़ पढ़ें।
उसको चाहिये कि वह जल्दी (से) अपनी रिसर्च ख़त्म करे।

उसको चाहिये कि वह अपनी पत्नी की मदद करे।
उसको चाहिये कि वह अपना कमरा ख़ुद साफ़ करे।

13. Individual conversational response drill

Will he come tomorrow?

क्या वह कल आएगा ?

Yes, it is possible that he will come tomorrow.
हाँ, मुमकिन / संभव है/ हो सकता है कि वह कल आए।

क्या बस समय पर नहीं पहुँचेगी ?
क्या आपका भाई मेरी मदद करेगा ?
क्या आप को अगले साल नौकरी करनी पड़ेगी ?
क्या ये नेता जी इस बार भी चुनाव में जीतेंगे ?
क्या उसको यह नौकरी नहीं मिलेगी ?
क्या इस साल आप भारत नहीं जाएँगे ?

14. Substitution drill

It would be better if you went to the market yourself.
बेहतर होगा कि आप ख़ुद बाज़ार जाएँ।

spoke only Hindi in this class
told your parents about this
exercised daily
found some other job
helped your friend
did your work by yourself

15. Substitution drill

She is working hard so that she can save some money.
वह मेहनत कर रही है ताकि / जिससे (कि) वह कुछ पैसा बचा सके।

can complete her degree quickly
can go to the party tonight
can go home soon
can get a good job

can get good grades
can go on vacation

16. Complete the following sentences with an appropriate clause

Whenever he comes, please let me know.
जब भी वह आए, (तब / तो) मुझे बताएँ / बताइये।

जब भी आप को उसकी ख़बर मिले...
जो भी आप करना चाहें...
जहाँ भी आप जाना चाहें...
जब भी तुम्हें उसकी ई-मेल मिले...
जहाँ भी अच्छा अपार्टमेंट मिले...
जितना भी काम तुम आज कर सको...

17. Translation exercise

1. He is not in his office. May be he has gone home.
2. Kindly speak loudly.
3. I am very tired. Come on, let's drink some coffee.
4. Tell/ask your brother to come tomorrow to my office.
5. Shall/should we go with you to the airport?
6. I will stay right here till my son comes back. (Use जब तक...न.)
7. My parents want me to go to medical school, but I want to be a teacher.
8. We should try to finish our work on time. (Use X को चाहिये कि ...)
9. If only my parents would try to understand me.
10. You should do whatever he tells you.
11. I felt as if I were a foreigner in my very own country.
12. He is learning Hindi so that he can do his research in India.
13. It is possible that students will have to (must) pay more fees next year.
14. It would be better if you yourself went there.

20. CONDITIONAL SENTENCES

General Rules for Conditional Sentences

As in English, conditional sentences are commonly used in both spoken and written Hindi. They consist of two clauses: the conditional clause (the "if" clause) and the main clause (the "then" clause). The conditional clause in Hindi normally precedes the main clause. The conditional clause is usually introduced by अगर / यदि (the conjunction "if") and the main clause is always introduced by तो (the conjunction "then"). Thus the basic structure of these sentences is "if...then...."

Example:
अगर आप कॉफ़ी पीना चाहें तो हम भी आप के साथ कैफ़े चलेंगे।
If you want to drink coffee, (then) we will also accompany you to a café.

Notes

1. In Hindi, the "if" clause always comes first, though this is not always the case in English.

Example:
अगर आप मेरी मदद न करें तो मैं क्या करूँगी।
What will I do if you don't help me?

2. In spoken Hindi, अगर / यदि may be dropped even though they are implied by the presence of तो in the second clause. On the other hand, तो is never dropped from the main clause.

Example:
आप कॉफ़ी पीना चाहें तो हम भी आप के साथ कैफ़े चलेंगे।
If you want to drink coffee, we will also accompany you to a café.

Students should note that the reverse is true in English, where "if" is never dropped while "then" is frequently omitted, as can be seen in the English translation of the above sentence.

3. The relative pronoun जो is sometimes used in colloquial Hindi instead of अगर / यदि.

Example:
जो वह यहाँ आए तो मैं उससे ज़रूर मिलूँगी।
If he comes here, (then) I will certainly meet him.

We can broadly divide conditional sentences into two main categories: (1) conditional sentences used for present and future conditions, and (2) conditional sentences used for past conditions (the contrary-to-fact construction).

Conditional Sentences for the Present and the Future

These are used for conditions that can be fulfilled in the present or future. Note that when we use the present tense in conditional sentences, it may imply the immediate future. In such sentences, the verbs of the two clauses can be in different tenses. For example, the "if" clause may be in the present tense, while the "then" clause could be in the future.

Such sentences are further divided into two main categories, depending on the degree of certainty of the condition and its fulfillment:

Sentences with the subjunctive: The use of the subjunctive mood implies that the speaker is expressing a wish, supposition, or possibility and realizes that its fulfillment is uncertain.

Sentences with the indicative: Even though conditional sentences have an "if" clause, the use of the indicative mood expresses certainty in the mind of the speaker that the condition(s) will be met.

The basic nature of conditional sentences is that unless certain conditions are met, the result or outcome is uncertain. The difference between conditional sentences with the subjunctive and conditional sentences with the indicative is that the former imply a higher degree of uncertainty, whereas the latter convey a higher degree of certainty that both the condition and the outcome will be met.

Conditional Sentences with the Subjunctives

In sentences that convey doubt about the fulfillment of a condition, the subjunctive form of a verb is employed in the conditional clause. Depending on the degree of certainty in the mind of the speaker concerning the outcome, the verb of the main clause can be in the subjunctive, the present, the future, or the imperative.

(1) Conditional clause is in the subjunctive and main clause is in the present:

अगर आप चाहें तो हम अब काम शुरू कर सकते हैं।
If you like (wish), (then) we can start work now.

Since the first clause is in the subjunctive, it indicates uncertainty about the wishes of the listener, but the main clause (in the present tense) indicates certainty of the action if the listener's wishes are met.

(2) Conditional clause is in the subjunctive and main clause is in the future:

अगर मैं भारत जाऊँ तो ज़रूर ताज महल देखूँगी।
If I go to India, (then) I will certainly see the Taj Mahal.

Here again the first clause is in the subjunctive and expresses uncertainty about the speaker's going to India. The main clause (in the future tense) indicates certainty of seeing the Taj Mahal if the speaker goes to India.

(3) Conditional clause is in the subjunctive and main clause is in the subjunctive:

अगर वह आए तो काम शुरू हो।
If he comes, (then) perhaps work will start.

Since his arrival is uncertain, both parts of the sentence are presented as if describing a situation that is unlikely to happen (though still possible).

Similarly:

अगर लोग लड़ना बंद करें तो दुनिया में शान्ति हो।
If people would stop fighting, (then) there would be peace in the world.

(4) Conditional clause is in the subjunctive and main clause is in the imperative:

अगर आप हिन्दुस्तानी खाना खाना चाहें तो मेरे घर आइये।
If you wish to eat Indian food, (then) please come to my house.

In this sentence the speaker is unsure whether the listener likes Indian food. However, if the listener does wish to eat Indian food, then the invitation to eat a meal is certain.

Conditional Sentences with the Indicative

Indicative verbs are used in *both* clauses in sentences that indicate certainty in the mind of the speaker about the fulfillment of a condition and its result. Note that in contrast to conditional sentences with subjunctives, which may have indicative verbs in the main clause, both clauses in this case have indicative verbs.

Conditional sentences with indicative verbs can be categorized as:

(1) Using the present and/or future tenses in both clauses
(2) Using the perfect tense in the conditional clause and the future tense in the main clause.

(1) Using the present and/or future tenses in both clauses:

The following examples will illustrate the use of various combinations of indicative verbs in both clauses.

(a) Conditional clause is in the present and main clause is in the present.

अगर उसको संगीत में दिलचस्पी है तो वह भी मेरे गुरु जी से सीख सकता है।
If he is interested in music, (then) he can also learn from my guruji.

(b) Conditional clause is in the present and main clause is in the future.

अगर आप फ्रेंच जानते हैं तो आप यह फ़िल्म समझ सकेंगे ।
If you know French, (then) you will be able to understand this film.

(c) Conditional clause is in the future and main clause is in the future.

अगर मेरा भाई अमरीका आएगा तो मैं उसको बॉस्टन दिखाऊँगी ।
If my brother visits America, (then) I will show him Boston.

(d) Conditional clause is in the present and main clause is in the imperative.

अगर आप भारत जाना चाहते हैं तो हिंदी सीखिये ।
If you want to go to India, (then) please learn Hindi.

(2) Conditional clause in perfect, main clause in the future tense:

A special case of the use of indicative verbs occurs in conditional sentences where the conditional clause is in the perfect tense and the main clause is in the future. This is a very common pattern used in Hindi for a future condition. By using the perfect tense in the conditional clause, the speaker places an emphasis on the completion of a condition in the future before the stated outcome can occur or the results can be fulfilled.

Examples:
अगर उसने मेहनत की तो उसकी तरक़्क़ी होगी ।
If she/he works hard, (then) she/he will be promoted.

अगर तुमने यह काम नहीं / न किया तो माँ नाराज़ होंगी ।
If you don't do this work, (then) Mother will be angry.

Note that the first clause in both of these sentences can also be translated into English in the perfect tense. Thus, the first sentence can also be translated as *"If she/he worked hard, then she/he would be promoted."*

Similarly, the second sentence can be rendered as *"If you didn't do this work, then Mother would be angry."*

Conditional Sentences for the Past (Contrary-to-Fact Construction)

Conditional sentences for the past are also called contrary to fact because they are used in specific situations where they indicate that the condition was not met and hence there could be no result. A typical sentence construction of this type is, "If Sarita had come, then you would have met her" (but she did not come, so you could not meet her). This construction can also have hypothetical implications in the present.

Examples:
अगर बारिश ठीक समय पर होती तो हमारी फ़सल अच्छी होती ।
If it had rained at the right time, (then) our crops would have been good (but it did not).

अगर मैं करोड़पति होती तो यह नौकरी क्यों करती ?
If I were a millionaire, (then) why would I be doing this job?

These sentences are formed with imperfective participles (without an auxiliary verb) in both clauses (i.e., conditional clause and main clause). Thus such sentences are signaled by the use of the suffixes –ता/–ते/–ती/–तीं with the verb stem in both clauses. We will discuss contrary-to-fact statements in a variety of tenses (which range from the simple past to progressive forms of the past tense), as well as in other constructions (such as the verb stem + सकना and the oblique infinitive + लगना). The negative particle used with contrary-to-fact constructions is always न.

Simple Past Conditional

In order to express that a condition was not carried out in the past, one can use the imperfective participle of the main verbs in both clauses.

Examples:
अगर तुम मेरे साथ आते तो मैं बहुत ख़ुश होती ।
If you had come with me, (then) I would have been very happy (but you didn't come and I was not happy).

अगर मैं अमरीका में पैदा होता तो अच्छी अँग्रेज़ी बोलता ।
If I were born in America, (then) I would speak good English (but I was not).

Past Perfect Conditional

Sometimes Hindi speakers use the perfective participle of the main verb + the imperfective participle of the auxiliary verb होना in one or both of the clauses to emphasize a reference to the past. Although the meaning of the simple past conditional constructions discussed above is identical to the meaning of past perfect conditional constructions, in the case of the latter, the speaker is emphasizing the completion of a past action/condition (which, of course, did not occur).

Examples:
अगर मैं अमरीका में पैदा हुआ होता तो अच्छी अँग्रेज़ी बोलता ।
If I had been born in America, (then) I would speak good English (but I was not).

अगर उन लोगों ने एक दूसरे से बात की होती तो उनमें लड़ाई न हुई होती ।
If those people had talked to each other, (then) they would not have fought with each other (but they didn't talk).

Other Forms of Past Conditional

Like conditional sentences for present and future, past conditional sentences can occur with various verb forms and tenses. The use of the suffixes –ता / –ते / –ती / –तीं with the verb stem in both clauses still signals that these sentences are contrary-to-fact constructions.

Examples:
अगर मैं बगीचे में काम कर रही होती तो आपको जाते हुए ज़रूर देखती ।
If I had been working in the garden, (then) I certainly would have seen you passing by (but I wasn't).

अगर मैं गाना गा सकता तो कल आपकी पार्टी में ज़रूर गाता ।
If I could sing, (then) I would certainly have sung at your party yesterday (but I can't).

अगर वह न्यू यॉर्क में न रहती होती तो आपके परिवार से कैसे मिलती ?
If she didn't live in New York, (then) how would she have met your family? (But she does live in New York, so she did meet them.)

अगर उस ज़माने में लोग लड़कियों को पढ़ने देते तो माँ डॉक्टर बन जातीं ।
If people in those times had allowed girls to study, (then) Mother would have become a doctor (but they didn't allow it).

Contrary-to-Fact Expressions That Do Not Follow the "If…then…" Format of Conditional Sentences

Some contrary-to-fact expressions do not follow the "if…then…" format of conditional sentences. These include various phrases and expressions in Hindi denoting doubt, desire, necessity, suggestion, obligation, etc. When used in the past tense, these phrases will convey that the statement of the subordinate clause was not realized. These sentences consist of two parts: the first part will have a phrase/expression in the past, and the second part will be a subordinate clause introduced with कि. In such cases, the verb in the subordinate clause will take the contrary-to-fact form (i.e., verb stem + –ता / –ते / –ती / –तीं).

Example:
आपको चाहिये था कि आप समय पर वहाँ पहुचते ।
You should have reached there on time (but you did not).

Notes
1. Although the suffixes (–ता / –ते / –ती / –तीं) indicate that the statement of the subordinate clause is contrary to fact, these sentences are not conditional sentences and do not follow the "if…then…" format.
2. If the phrases or expressions in the main clause indicate (or suggest) a present or future tense, then they require the subjunctive form of the verb in the subordinate clause. (See Chapter 19 on subjunctives.) The following examples illustrate the difference between two types of constructions: one requires the use of the contrary-to-fact form of the verb in the subordinate clause, while the other requires the verb in the subordinate clause to be in the subjunctive.

Examples:

बेहतर होता / था कि वह भारत जाने से पहले हिन्दी सीखता ।

It would have been better if he had learned Hindi before going to India (but he did not).

बेहतर है / होगा कि वह भारत जाने से पहले हिन्दी सीखे ।

It is/will be better if he learns Hindi before going to India.

The following examples further illustrate this difference:

(a) कितना अच्छा होता कि... *How nice it would have been...*

कितना अच्छा होता कि मैं आपसे पहले मिली होती ।

How nice it would have been if only I had met you earlier (but I did not).

कितना अच्छा होगा / हो कि मैं आपसे कल फिर मिल सकूँ ।

How nice it will be/would be if only I can/could meet you again tomorrow.

(b) काश कि... *If only...*

काश कि मेरे भाई को अच्छी नौकरी मिलती ।

If only my brother had found/got a good job (but he did not).

काश कि मेरे भाई को अच्छी नौकरी मिले ।

If only my brother would find/get a good job.

(c) X को चाहिये था कि... *X should have...*

आपको चाहिये था कि आप अपने माता-पिता की सलाह मानते ।

You should have followed your parents' advice (but you did not).

आपको चाहिये कि आप अपने माता-पिता की सलाह मानें ।

You should follow your parents' advice.

(d) X के लिए जरूरी / आवश्यक था कि... *It was necessary for X to ...*

उसके लिए यह ज़रूरी / आवश्यक था कि वह समय पर दफ़्तर पहुँचता ।

It was necessary for him to reach the office on time (but he did not).

उसके लिए यह ज़रूरी / आवश्यक है कि वह समय पर दफ़्तर पहुँचे ।

It is necessary for him to reach the office on time.

(e) X का कर्त्तव्य (फ़र्ज़) था कि... *It was X's duty to...*

आपका कर्त्तव्य (फ़र्ज़) था कि आप ग़रीब लोगों की मदद करते ।

It was your duty to have helped poor people (but you did not).

आपका कर्त्तव्य (फ़र्ज़) है कि आप ग़रीब लोगों की मदद करें ।

It is your duty to help poor people.

(f) X के लिए उचित / मुनासिब था कि... *It would have been appropriate for X ...*

(आप के लिये) उचित / मुनासिब था कि आप स्वयं मंत्री जी से मिलने वहाँ जाते ।

It would have been appropriate for you to go there yourself to meet the minister (but you did not).

(आप के लिये) उचित / मुनासिब होगा कि आप स्वयं मंत्री जी से मिलने वहाँ जाएँ ।

It will be appropriate for you to go there yourself to meet the minister.

(g) बेहतर होता / था कि... *It would have been better that...*

बेहतर होता / था कि वह हमें सच बताता ।

It would have been better if he had told us the truth (but he did not).

बेहतर होगा कि वह हमें सच बताए ।

It will be better if he tells us the truth.

(h) भला कैसे / क्या / कहाँ... *Say, how/what/where (in the world) ...*

भला मैं कैसे वहाँ जाता ?

Say, how (in the world) could I have gone there? (So I did not.)

भला मैं कैसे वहाँ जाऊँ ?

Say, how (in the world) am I to go there?

Conditional Sentences: Exercises

1. Substitution drill

If you say so, (then) I will go with you.
अगर आप कहें तो मैं आप के साथ चलूँगा।

I will phone her
I will write a letter to the Prime Minister
I will tell Father about this
I will tell you my opinion about this
I will help you
I will also invite (call) your friend to the party
I will come to your home in the evening
I will take your picture

2. Individual conversational response drill

Can you come to my home this evening?
क्या तुम आज शाम को मेरे घर आ सकते हो ?
Yes; if you wish, I will certainly come.
हाँ, अगर तुम चाहो तो मैं ज़रूर आऊँगा।

क्या तुम मेरी कार की मरम्मत कर सकते हो?
क्या तुम इन बच्चों को कुछ मिठाइयाँ दे सकते हो ?
क्या तुम हमें भारत के बारे में कुछ बता सकते हो?
क्या तुम मेरे लिये पुस्तकालय से कुछ किताबें ला सकते हो?
क्या तुम मुझे हिन्दुस्तानी खाना पकाना सिखा सकते हो?
क्या तुम हमें कुछ चाय पिला सकते हो?
क्या तुम कल मेरी मदद कर सकते हो?
क्या तुम आज हमारे साथ फ़िल्म देखने चल सकते हो?

3. Complete the sentence with an appropriate clause

If the child cries, (then)...
अगर बच्चा रोए तो ...

If the child cries, (then) feed her milk.
अगर बच्चा रोए तो उसको दूध पिलाना।

अगर ऐक्सीडेंट हो जाए तो
अगर वह सो रहा हो तो
अगर तुम अच्छी नौकरी चाहते हो तो
अगर आपको कल कुछ फ़ुरसत हो तो
अगर तुम्हें मेरी मदद चाहिये तो
अगर तुम अच्छे ग्रेड्स चाहते हो तो
अगर तुम अपना वज़न कम करना चाहते हो तो
अगर तुम उस लड़की से मिलना चाहते हो तो

4. Transformation drill

He will go to India. He will see the Taj Mahal.
वह भारत जाएगा। वह ताज महल देखेगा।
If he goes to India, (then) he will see the Taj Mahal.
अगर वह भारत जाएगा तो ताज महल देखेगा।

मैं बॉस्टन जाऊँगी। मैं दोस्त से मिलूँगी।
बारिश होगी। हम घर पर रुकेंगे।
वह परीक्षा की तैयारी करेगा। वह परीक्षा में उत्तीर्ण होगा।
मैं उसको अपना पता भेजूँगा। वह मुझे पत्र लिखेगा।
हम भारत जाएँगे। हम वहाँ रेलगाड़ी से सफ़र करेंगे।
आप हिन्दी सीखेंगे। आप भारत में अपने सब रिश्तेदारों से बात कर सकेंगे।
आप कोशिश करेंगे। आपको अच्छी नौकरी मिलेगी।
मुझे फ़ुरसत होगी। मैं आपकी मदद करूँगा।

5. Transformation drill

I will receive his letter. I will call you.
मुझे उसका पत्र मिलेगा। मैं आपको फ़ोन करूँगा।

If I receive his letter, I will call you.
अगर मुझे उसका पत्र मिला तो मैं आपको फ़ोन करूँगा ।

माँ जल्दी नहीं लौटेगी । बच्चा रोने लगेगा ।
आप मेहनत नहीं करेंगे । आप परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होंगे ।
वह भारत जाएगी । वह बालीवुड के अभिनेताओं से मिलने की कोशिश करेगी ।
मुझे पैसा मिलेगा । मैं नई कार ख़रीदूँगा ।
आपको यह नई नौकरी मिलेगी । क्या आप हमें पार्टी देंगे ?
वह सच बताएगा । पुलिस उसको छोड़ देगी ।
वह कोशिश करेगा । वह ज़रूर सफल होगा ।
कोहरा होगा । ड्राइवर रास्ता नहीं देख सकेगा ।

6. <u>Transformation drill</u>

I didn't go there. I didn't meet him.
मैं वहाँ नहीं गया । मैं उससे नहीं मिला ।
If I had gone there, I would have met him (but I didn't).
अगर मैं वहाँ जाता तो मैं उससे मिलता ।

उसने मेहनत नहीं की । वह परीक्षा में पास नहीं हुआ ।
मेरे पास पैसा नहीं था । मैं कालिज नहीं जा सका ।
आपने मुझे पार्टी में नहीं बुलाया । मैं नहीं आया ।
वह वहाँ समय पर नहीं पहुँचा । वह सब लोगों से नहीं मिल सका ।
उसने अपने जूते नहीं उतारे । वह मंदिर के अंदर नहीं जा सका ।
उसने माँ की सलाह नहीं मानी । उसने यह ग़लती की ।
तुमने मुझे फ़ोन नहीं किया । मैं तुम्हें लेने एयरपोर्ट नहीं आया ।
उसने दवाई नहीं खाई । उसकी बीमारी बढ़ गई ।

7. <u>Complete the sentence with an appropriate clause</u>

If I had not been sleeping at that time, (then)...
अगर मैं उस समय सो न रहा होता तो ...

If I had not been sleeping at that time, (then) I would have heard your voice (but I didn't).
अगर मैं उस समय सो न रहा होता तो आपकी आवाज़ सुनता ।

अगर मैं अमीर होता तो
अगर आपने कोशिश की होती तो
अगर आपने मुझे इसके बारे में बताया होता तो
अगर उस समय बारिश न हो रही होती तो
अगर डाक्टर समय पर आ जाता तो
अगर वह पुलिस को सच बताता तो
अगर हम भारत में पैदा होते तो
अगर वह ध्यान से गाड़ी चलाता तो

8. <u>Transformation drill</u>

He should work hard.	He should have worked hard.
उसको चाहिये कि वह मेहनत करे ।	उसको चाहिये था कि मेहनत करता ।

उसको चाहिये कि वह सच बताए ।
हमें चाहिये कि हम हिन्दी बोलने का अभ्यास करें ।
आपको चाहिये कि आप अपना काम समय पर ख़त्म करें ।
उसको चाहिये कि वह नौकरी के लिये अर्ज़ी भेजे ।

9. <u>Transformation drill</u>

It is necessary that you tell the truth.
यह ज़रूरी / आवश्यक है कि आप सच बताए ।
It was necessary for you to tell the truth (but you didn't).
यह ज़रूरी / आवश्यक था कि आप सच बताते ।

यह ज़रूरी / आवश्यक है कि आप समय पर आएँ ।
यह ज़रूरी / आवश्यक है कि मरीज़ समय पर दवाई खाए ।
यह ज़रूरी / आवश्यक है कि तुम अपना काम स्वयं करो ।
यह ज़रूरी / आवश्यक है कि आप शराब पीकर गाड़ी न चलाएँ ।

10. Transformation drill

If only I had (have/will have) more time.
काश कि मेरे पास ज़्यादा समय हो।
If only I had had more time (but I didn't).
काश कि मेरे पास ज़्यादा समय होता।

काश कि एक औरत हमारी राष्ट्रपति हो।
काश कि दुनिया में ग़रीबी न हो।
काश कि वह जल्दी वापस आए।
काश कि तुम भी मेरे साथ भारत आओ।

11. Transformation drill

How nice it would be if we all could meet in India.
कितना अच्छा हो कि हम सब भारत में मिल सकें।
How nice it would have been if we all could have met in India (but we didn't).
कितना अच्छा होता कि हम सब भारत में मिल सकते।

कितना अच्छा हो कि हमारे पास बहुत पैसा हो।
कितना अच्छा हो कि मेरे माता-पिता मुझे समझने की कोशिश करें।
कितना अच्छा हो कि कल बारिश न हो।
कितना अच्छा हो कि वह भी हमारे साथ आए।

12. Transformation drill

It would be better if you helped him.
बेहतर होगा कि आप उसकी मदद करें।
It would have been better if you had helped him (but you didn't).
बेहतर होता / था कि आप उसकी मदद करते।

बेहतर होगा कि आप स्वयं उससे मिलने जाएँ।
बेहतर होगा कि वह अपनी माँ की मदद करे।

बेहतर होगा कि आप यह नौकरी न छोड़ें।
बेहतर होगा कि आप हमें पूरी बात बताएँ।

13. Transformation drill

It would be appropriate if you helped her.
उचित / मुनासिब होगा कि आप उसकी मदद करें।
It would have been appropriate if you had helped her (but you didn't).
उचित / मुनासिब होता / था कि आप उसकी मदद करते।

उचित / मुनासिब होगा कि वह अपनी डिग्री जल्दी ख़त्म करे।
उचित / मुनासिब होगा कि वह अपने माता-पिता की सलाह माने।
उचित / मुनासिब होगा कि आप शादी के मामले में सोच-समझ कर फ़ैसला करें।
उचित / मुनासिब होगा कि आप उससे इस के बारे में कुछ न कहें।

14. Transformation drill

It is your duty to properly care for the patient.
आपका फ़र्ज़ / कर्त्तव्य है कि आप मरीज़ की अच्छी तरह देखभाल करें।
It was your duty to properly care for the patient (but you didn't).
आपका फ़र्ज़ / कर्त्तव्य था कि आप मरीज़ की अच्छी तरह देखभाल करते।

आपका फ़र्ज़ है कि आप पर्यावरण को दूषित न करें।
आपका फ़र्ज़ है कि आप अपना काम ध्यान से करें।
आपका फ़र्ज़ है कि आप समाज के नियमों का पालन करें।
आपका फ़र्ज़ है कि आप अपने माता-पिता की मदद करें।

15. Transformation drill

Say, how (in the world) will I do this much work?
भला मैं कैसे इतना काम करूँ ?
Say, how (in the world) would I have done this much work?
भला मैं कैसे इतना काम करता ?

भला मैं क्यों वहाँ जाऊँ ?
भला मैं कैसे उनकी मदद करूँ ?
भला मैं कहाँ से इतना पैसा लाऊँ ?
भला मैं किस से पैसा माँगूँ ?
भला मैं क्यों उसको सब कुछ बताऊँ ?
भला मैं कैसे इस गाड़ी की मरम्मत करूँ ?

16. Translation exercise

1. If he had given up smoking cigarettes, he would not have gotten sick.
2. If I go (went) to India, I will bring (would bring) an Urdu dictionary for you.
3. We should have come to class on time. (Use...चाहिये था कि... .)
4. If he hadn't quit his job, he would have been able to buy a new car.
5. It was necessary for him to go to India to do his research (but he did not go).
6. If she comes home late, her mother will be angry.
7. If only he had told me the truth.
8. If you had been driving carefully, you wouldn't have gotten hurt.
9. How nice it would have been if we all had gone to Hawaii together.
10. If you learn Hindi, you will be able to talk with everyone in Delhi.
11. It would have been better if you had written your essay yourself.
12. If you had telephoned me, I certainly would have come to help you.
13. It would have been appropriate for you to give her a gift on her birthday.
14. If you had been listening in class, you would have known the answer to this question.
15. How (in the world) would she have reached the hospital in ten minutes?
16. It was your duty to vote in the election.

21. THE ADVERB कहीं

The adverb कहीं, which was discussed in Chapter 8, ordinarily means "somewhere" or "anywhere" and, in negative sentences, "nowhere." In this chapter, we will cover several of its other uses.

(1) कहीं can sometimes be used in rhetorical questions, where it denotes "ever" or "at all." In such questions, the speaker assumes a negative response.

Examples:

ऐसा भी कहीं हो सकता है ?	*Can such (a thing) ever happen ?* (Never.)
वह भी कहीं समय पर आ सकती है ?	*Can she ever come on time ?* (Never.)

(2) कहीं also occurs in sentences where it conveys such general meanings as "should it happen that...," "somehow/by chance"; "rather/considerably."

Examples:
अगर कहीं पिता जी को इसके बारे में पता चल जाए, तो वे बहुत नाराज़ होंगे ।
Father will be very angry if he somehow (by chance) finds out about it.
अगर कहीं अभिनेता न आया, तो लोग बहुत निराश होंगे ।
People will be very disappointed if the actor doesn't (by chance) turn up.
दूसरी किताब इस किताब से कहीं ज़्यादा महँगी है ।
The other book is rather/considerably more expensive than this book.

(3) The idiomatic use of कहीं in the phrase "X कहीं का" means "an X of some sort" (lit., an X of some place). This exclamatory phrase can be used in both an affectionate manner (as with children) or, more commonly, in a derogatory or disapproving manner.

Examples:

चल चल, पागल कहीं की !	*Come on, you silly (girl)!*
जा जा, आया बड़ा नेता कहीं का !	*Come on, as if you were some sort of big leader!*
बुद्धू कहीं का !	*You idiot [of some sort]!*

(4) The adverb कहीं, when used with न and the verb in the subjunctive, conveys a general meaning of apprehension or unpleasant possibility. It conveys the sense "lest" or "let it not be the case that." It may follow a phrase expressing fear or apprehension. In some cases, it is also used as a warning.

Examples:

कहीं वह बीमार न हो।

I hope he is not ill.

मुझे डर है कि कहीं वह बीमार न हो।

I am afraid that he may be ill.

(कहीं) ऐसा न हो कि उसका एक्सीडेंट हो जाए।

Let it not be that he have an accident. (As in English: "Heaven forbid he has an accident.")

Note that in this construction, न serves to identify the element about which apprehension is expressed by immediatelty following it.

Examples:

देखिये, कहीं वह गिर न जाए। — *Watch out, lest he **fall**.*

देखिये, कहीं वह न गिर जाए। — *Watch out, lest **he** fall.*

This construction shows a marked preference for compound verbs. When the apprehension is expressed about the action of the main verb, न occurs after the stem of the main verb.

Examples:

कहीं वह जानवरों को मार न डाले। — *I hope he doesn't kill the animals.*

कहीं वह गन्दा पानी पी न ले। — *I hope she doesn't drink the dirty water.*

The Adverb कहीं: Exercises

1. Substitution drill

Can he ever help me? (Never.)
वह भी कहीं मेरी मदद कर सकता है ?

- come on time
- give up telling lies
- exercise every day
- give up eating sweets
- give up smoking
- clean his room
- listen to me
- try to understand me

2. Substitution drill

If by chance the lights go out, then what will we do?
अगर कहीं बिजली चली जाए तो हम क्या करेंगे ?

- वह किताब न मिली
- वह समय पर न आया
